ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 318 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

16 मई 2025 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

आज का मौसम

36 अधिकतम

27 न्यूनतम

### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, कांग्रेस का राजभवन पर धरना प्रदर्शन

# किसकी मजबूरी में मंत्री... शाह के लिए आज का दिन निर्णायक



**भोपाल, नई दिल्ली दोपहर मेट्रो/एजेंसी।** भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में आज का दिन मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह के लिए बहुत अहम हो गया है। सुप्रीम कोर्ट आज शाह की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। शाह ने कल ही बेंच के सामने तत्काल सुनवाई की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने कड़ी फटकार के बाद इससे इनकार कर दिया था तथा यह भी पूछा था कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप मंत्री होकर भी किस तरह के बयान दे रहे हैं? उल्लेखनीय है कि 11 मई को महू में विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन तक बताया था। उन पर एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। इधर मप्र समेत देशभर में कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल शाह के इस्तीफे या बर्खास्तगी पर अड़े हुए हैं। दूसरी तरफ भाजपा तीन दिन बाद भी इस मामले में शाह के खिलाफ कोई 'ठोस निर्णय' तक नहीं पहुंच पा रही है, सिर्फ इसे गलत बयान भर बताया गया है। इधर आज सुबह मप्र विस में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला और ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेस विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर



बैठ गए। कुछ समय बाद धरना दे रहे कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने जबरन उठा दिया। कई विधायकों के हाथ-पैर पड़कर पुलिस ने बस में डाला और गिरफ्तार कर ले गई। इधर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कांग्रेस कितने भी नाटक कर ले, जबकि उसे मालूम है मामला कोर्ट में है। सारा मामला कोर्ट में है। नेता प्रतिपक्ष पर भी केस था, वो उनसे इस्तीफा मांग ले।

## भाजपा के भीतर बेचैनी, शाह के *जिलों* में आक्रोश

■ **इस मामले के तूल पकड़ने और चौतरफा निंदा से भाजपा के अंदरखाने में भी मौजूदा हालातों पर जबर्दस्त बेचैनी है। पार्टी का निर्णय सामने नहीं आने के बाद कई नेता दबी जुबान इसकी अलग अलग व्याख्या कर रहे हैं। चर्चा है कि आरोपी मंत्री शाह से उनके प्रभार वाले रतलाम व झाबुआ जिले का प्रभार वापस लेकर दूसरे मंत्रियों को दिया जा सकता है। कर्मचारियों की नाराजगी के चलते सरकार ये कदम उठा सकती है। हाल में सरकार ने एक कैबिनेट व दो राज्यमंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बदलाव किए है। शाह पर यह तलवार दो वजह से लटकी है, एक तो उन्हें गंभीर धाराओं में आरोपी बनाया है, दूसरा तबादलों की डेडलाइन 30 मई है, इस अवधि में कर्मचारी तबादला करना चाहते है लेकिन रतलाम व झाबुआ के कर्मचारियों को मंत्री नहीं मिल रहे है। जिले के अंदर एक से दूसरे स्थान पर तबादला करने के अधिकार प्रभारी मंत्री को है उनके प्रभार वाले दोनों जिले के सैंकड़ों शासकीय सेवक आवेदन लेकर घूम रहे है और कुछ तो पेशगी आवेदन भी दे चुके हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर अनर्गल टिप्पणी के बाद से वे लोगों से मिल नही रहे हैं। एफआईआर के बाद वह लगभग भूमिगत सरीखे हैं।**

## पुराने मामलों से लेकर नए मामले तक....

■ मप्र के बयानवीर मंत्री विजय शाह ने पूरे देश में भाजपा को बैकफुट पर धकेल रखा है। नैतिकता और मर्यादा की पाठ पढ़ाने वाली पार्टी अभी विजय शाह के मामले में बेहद असहज है, बात-बात पर विपक्षी नेताओं से इस्तीफा मांगने वाली भाजपा अपने मंत्री विजय शाह पर कोई एक्शन नहीं ले पा रही है। भाजपा की नई शैली से भी इसे जोड़ा जाने लगा है। मसलन उप्र में मंत्री टेनी मिश्रा के बेटे ने किसानों पर कथित तौर पर कार चढ़ा दी थी लेकिन मंत्री पर कार्रवाई नहीं हुई। बृजभूषण के मामले में भी पार्टी चुप रही। सूत्रों की मानें तो अंदरखाने भाजपा किसी ऐसी राह की तलाश में है,जहां से दोनों मोर्चे सध सकें। शाह का इस्तीफा न होने की एक बड़ी वजह आदिवासी वोटरों को गणित भी है। हरसूद और आसपास के आदिवासी इलाकों में शाह का प्रभाव है। जब उन्होंने झाबुआ में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया था। तब उनसे केवल 4 महीने के लिए मंत्री पद छीना गया था। उधर भाजपा की मजबूरी यह भी है कि कांग्रेस के पास आदिवासी नेता ज्यादा है लेकिन भाजपा के पास गिने-चुने चेहरे हैं, जिनमें विजय शाह भी शामिल हैं।

### आरबीआई की बैठक में फैसला संभावित

# आम आदमी को 5 महीने की राहत का पैकेज मिलने के बढ़े आसार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहतों की उम्मीद में दिन गिन रहे आम आदमी को अब जल्द और राहत मिलने वाली है। माना जा रहा है कि अगले महीने जून से लेकर दीपावली तक आरबीआई की तरफ से रेपो रेट में 0.50% की कटौती की जाएगी। इस मामले से जुड़े सूत्रों का मानना है कि मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक 4-6 जून तक होनी है, उसमें यह फैसला संभावित है। इससे पहले ही रेपो रेट में 0.25% की कटौती पर सहमति बन गई है। इसके बाद 5-7 अगस्त या 29 सितंबर से 1 अक्टूबर को होने वाली बैठक में भी इतनी ही और कटौती हो सकती है। यह एक तरह से दीपावली का तोहफा होगा, क्योंकि उसी महीने 20 तारीख को दीपावली है। रेपो रेट घटने से इससे जुड़े होम और कार लोन सस्ते होंगे। इंडस्ट्री को सस्ता लोन मिलने लगेगा। इससे न सिर्फ शहरी खपत को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कारखानों में निवेश बढ़ने से रोजगार भी पैदा होगा। रिजर्व बैक ने फरवरी से रेपो रेट में कटौती शुरू की थी। तबसे दो बैठक में 0.50% की कटौती हो चुकी है। इससे रेपो रेट गिरकर 6% पर आ गई है।

### हर दो महीने में मीटिंग

मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। मीटिंग हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हुई थी।

### 29 राज्यो में अलर्ट जारी

# अब आंधी-पानी के साथ हीटवेव की जुगलबंदी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश में आंधी-बारिश के बीच गर्मी का असर भी देखने को मिल सकता है। अभी तो पंद्रह दिन से मौसम विभाग ने 17 मई से उत्तरी हिस्से के जिलों में हीटवेव यानी, गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले शुक्रवार को इंदौर, उज्जैन समेत 21 जिलों में बारिश हो सकती है, जबकि भोपाल, ग्वालियर में गर्मी का असर रहेगा। माना जा रहा है कि कल के बाद राज्य के अलग अलग हिस्सों में अलग मौसम रहेगा। आज भोपाल में सुबह बादलों का डेरा व उमस रही। आज जिन जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट है, उनमें इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, देवास, खरगोन, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, उमरिया, रीवा, मऊगंज शामिल हैं। मौसम विभाग ने आज शुक्रवार को 29 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब भी शामिल हैं।

## अब डिप्लोमैटिक स्ट्राइक के लिए सांसदों की टीम बनेगी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ डिप्लोमैटिक स्ट्राइक की शुरुआत करने के लिए सभी दलों के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल हालिया संघर्ष और इस मुद्दे पर भारत के रुख के बारे में विदेशी सरकारों को जानकारी देने के लिए एक इंटरनेशनल आउटरीच प्रोग्राम शुरू करने वाला है। खबरों के मुताबिक संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू विदेश दौरे का समन्वय कर रहे हैं, जो 22 मई के बाद शुरू होने की उम्मीद है। सांसदों को निमंत्रण भेजे जा चुके हैं।

## चालक को झपकी : सड़क हादसे में 3 मौत 31 घायल

**बुलंदशहर, एजेंसी।** एक दर्दनाक हादसे में यहां तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि 31 घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर के जहांगीराबाद थाना इलाके में रौंडा के पास पंजाब के मोड़ा से हरदोई जनपद के शाहजहांपुर जा रहे डीसीएम में चालक समेत 36



मजदूर और उनके परिवारों के लोग सवार थे। जब गांव रौंडा के पास सुबह करीब चार बजे डीसीएम पहुंचा तो चालक को नींद की झपकी आ गई। जिससे उसके पैर से एक्सीलेटर अधिक दब गया। डीसीएम स्पीड के साथ आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे में डीसीएम में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, 31 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल से 27 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया है।

### रोज नए झूठ गढ़ने की मुहिम के बीच....

# पाक के दावों की कलई डॉन ने खोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब नए-नए दावे में जुटा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से लेकर रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और विदेश मंत्री इशाक डार तक लगातार फर्जी दावे कर रहे हैं। डार ने संसद में कहा कि टेलीग्राफ अखबार ने पाकिस्तानी एयरफोर्स का लोहा माना है और उसे आसमान का किंग बताया है लेकिन अब डार के इस झूठ की पोल खुद पाकिस्तानी अखबार डॉन ने खोली है। डॉन ने उनके इस दावे का फैक्ट चेक कर इसे सरासर फर्जी बताया। बताया जाता है कि टेलीग्राफ के इस पेज को एआई का इस्तेमाल कर तैयार किया गया है लेकिन डॉन ने इस फेक पेज की




कई अशुद्धियों को उजागर किया।

### रक्षामंत्री पंहुचे भुज

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज गुजरात के भुज पहुंच गए हैं। वे यहां से एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे हैं। कल राजनाथ श्रीनगर के बादामी बाग छावनी पहुंचे थे। यहां उन्होंने पाकिस्तान की तरफ से दागे गए गोले देखे थे। उधर भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद जम्मू के बॉर्डर इलाकों में 6 दिन बाद भी स्कूल बंद हैं। इसमें अरनिया, आरएस पुरा, मीरां साहिब, सतवारी, मढ़, अखनूर, जौरियां और खौर जोन के स्कूल शामिल हैं। वहीं एलओसी के पास स्थित आखिरी गांव सलोत्री के लोग अब अपने घर लौट रहे हैं। इन्होंने 6 मई को घर छोड़ दिया था।

## तुर्की की कंपनी का भारतीय एयरपोर्ट का कांट्रेक्ट निरस्त

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने आखिरकार ऑपरेशन सिंदूर के बाद 'बायकॉट तुर्किये' की मांग के बीच सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के आदेश के मुताबिक यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। तुर्किये की यह कंपनी अब भारतीय एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग के काम नहीं कर पाएगी। सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया, तुर्किये की सेलेबी ग्रुप का हिस्सा है। यह मुंबई, दिल्ली, कोच्चि, कन्नूर, बेंगलुरु, हैदराबाद, गोवा, अहमदाबाद व चेन्नई जैसे 9 प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर सेवाएं देती थी।

### देवी अहिल्या बाई जयंती पर भोपाल में महासम्मेलन

# 31 को महिला उद्यमी सम्मेलन में पीएम हो सकते हैं शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में 31 मई को महिला उद्यमी सम्मेलन होना है। इसमें पीएम नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी के भी आसार हैं। यह देवी अहिल्या बाई की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाना है। देवी अहिला बाई ने महिलाओं को सशक्त बनाया था, उन्हें कुटीर उद्योगों से जोड़ने की सबसे पहले कोशिशें की थीं, महेश्वरी साड़ी से जुड़े कुटीर उद्योग इसका प्रतीक है। इसके अलावा उन्होंने महिला शासिका रहते धर्म, समाज व जन कल्याण के लिए कई मिसालें पेश की थी। पीएम मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। सम्मेलन के लिए स्थान का चयन किया जा रहा है।



संभवतः कार्यक्रम जंबूरी मैदान में होगा। इसके पहले प्रधानमंत्री का 20 मई को इंदौर दौरा होना था लेकिन माना जा रहा है कि 31 मई के प्रवास को देखते हुए उसे टाल दिया है। अधिकारियों के मुताबिक सम्मेलन में पीएम मोदी देशभर की महिला उद्यमियों को कई सौगातें दे सकते हैं।

**मेट्रो एंकर**

### फीस की आस में फर्जी रिश्तेदार

# सुहागरात पर खेला : दुल्हन नकदी-जेवर लेकर फरार

**आगरा, एजेंसी।** उप्र के आगरा में सुहागरात की रात नई नवेली दुल्हन ने दूल्हे को दूध पिलाया और फिर ऐसा 'खेला' हुआ कि सब चौंक गए। अब मामला पुलिस तक पहुंचा है और मोहल्ले भर में हड़कंप मचा हुआ है। आनन-फानन में जिसमें शादी तय कराई थी उसकी खोज हो रही है। बताया जाता है कि आगरा के एत्माद्दौला के सीतानगर मोहल्ले में परिवार छोटे बेटे की शादी के लिए लड़की देख रहा था। उसकी मुलाकात आगरा के ट्रांस यमुना फेस-2 निवासी जयप्रकाश से हुई, जो खुद को वकील बताता था। उसने एक गरीब परिवार की लडकी का हवाला देकर कहा कि वह भी शादी का खर्च उठाएगा। फिर जयप्रकाश ने 40 हजार रुपये लिए और बताया कि लड़की व उसका परिवार दयालबाग पहुंच गया है। आज ही शादी करवा देंगे। दूल्हे का



परिवार जब बताए स्थान पर पहुंचा तो जयप्रकाश ने 80 हजार रुपये और ले लिए. इसके बाद नगलापदी के महादेव मंदिर में शादी करवा दी गई। दुल्हन ने सुहागरात के बहाने दूल्हे व घरवालों को नशीला दूध पिलाया। पूरी रात परिवार बेहोशी में रहा। जब सुबह होश आया तो अलमारी से गहने, समान और 1.30 लाख रुपये नकद गायब थे। पीड़ित परिवार ने बिचौलिए सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। दूल्हे ने बताया कि लड़की ने खुद को मिर्जापुर निवासी बताया था और कहा था कि मां-बाप नहीं हैं.साथ में जो लोग थे, वे खुद को मामा-मामी, बुआ और फूफा बता रहे थे। अब उन्होंने कबूल किया है कि वो तो पैसे लेकर वकील के कहने पर रिश्तेदार बने थे। मामा को 10 हजार देने का वादा किया गया था लेकिन शादी के बाद सिर्फ 500 रुपये मिले।

### उसे भूल जाओ, दूसरी शादी करवा देंगे

**घटना के बाद जब परिवार जयप्रकाश के पास पहुंचा तो उसने कहा कि कोई बात नहीं, जो हुआ सो हुआ, भूल जाओ.परेशान मत हो, बेटे की दूसरी शादी करवा देंगे साथ ही धमकी दी कि अगर पुलिस में गए या किसी को बताया तो पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसा दूंगा। पुलिस को आशंका है कि ऐसा गिरोह हो सकता है लिहाजा पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक टीम लगाई गई है।**

## परिवहन विभाग बनाएगा कंट्रोल रूम

# अब केंद्रीकृत सिस्टम से बेलगाम बसों की होगी निगरानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बाणगंगा चौराहे पर बस हादसे से सबक लेते हुए परिवहन विभाग अब नई व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। जिस बस से महिला डॉक्टर की मौत हुई थी, उसका फिटनेस सर्टिफिकेट ही नहीं था। अब ऐसी लापरवाही रोकने के लिए बसों की निगरानी केंद्रीकृत सिस्टम से होगी। इसके लिये परिवहन आयुक्त के कैंप ऑफिस में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है, जहां से पूरे प्रदेश की बसों की फिटनेस, परमिट, पीयूसी और व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) की निगरानी होगी। इसकी जिम्मेदारी एआरटीओ स्तर के अधिकारी को दी गई है। बताया जाता है कि हर जिले से रजिस्टर्ड बसों की जानकारी मंगाई जा रही है। इसमें रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेस, पीयूसी की वैधता और वीएलटीडी की स्थिति शामिल है। सारा डेटा कंप्यूटर में फीड कर एक एनालिटिकल सॉफ्टवेयर से जोड़ा जाएगा। तीन चरणों में शुरू होने वाले इस प्रोजेक्ट के पहले चरण की मॉनिटरिंग इसी महीने के अंत तक शुरू हो जाएगी।



**नोटिस से पहले अलर्ट-** बताया जाता है कि जैसे ही अलर्ट सिस्टम में कोई बस चिन्हित होगी, उसका डेटा संबंधित जिले के आरटीओ को भेजा जाएगा। वहां से बस मालिक को नोटिस भेजकर दस्तावेज समय रहते अपडेट कराने को कहा जाएगा। तय समय तक अपडेट नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। यह सिस्टम तीन चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में शैक्षणिक बसें फिर यात्री बसें और तीसरे चरण में औद्योगिक संस्थानों की बसें दायरे में ली जाएंगी

### बस कांड; कई चेहरे

भोपाल के मामले में परिवहन विभाग ने आरटीओ जितेंद्र शर्मा को निलंबित किया था। गौरतलब है कि गत वर्ष गुना में इसी प्रकार की एक घटना में 13 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गुना जिला परिवहन अधिकारी को भी पुलिस ने आरोपी बनाया था। आज तक उनको ऑफिस अटैच रखा हुआ है। हालांकि इस पूरे प्रकरण का न्यायालय से निराकरण हो गया है। वहीं जितेंद्र शर्मा के साथ पहले भी विवाद जुडे रहे हैं। उनके विरुद्ध कई शिकायतें तथा विरोध प्रदर्शन तक हुआ था। माना जाता है कि भोपाल के प्रकरण में आरटीओ को बचाने के उद्देश्य से पिछली तारीखों में वाहन विक्रय पत्र का अनुबंध बनवाया गया, यह भी जांच का विषय है।



## बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण गिराए गए

# अवैध कालोनियों व कब्जों के खेल पर चला बुलडोजर

**एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राजधानी के हुजूर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण जमीदोंज किये गये हैं। यहां लंबे समय से कालोनियों के नाम पर कब्जे आदि का खेल चल रहा है। यह कार्रवाई शासकीय भूमि पर बने अवैध निर्माणों पर की गई इन पर बुलडोजर चलाया गया। इस मौके पर हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी भी थी। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से पक्के निर्माण तोड़े गए।**

एसडीएम सोनकिया ने बताया कि जिन स्थानों पर कार्रवाई की गई, वहां पहले राजस्व अमले ने जांच की थी। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित निर्माण शासकीय भूमि पर अवैध रूप से किए गए हैं। इसके बाद नोटिस जारी किए गए और नियमानुसार कार्रवाई की गई। हुजूर तहसील क्षेत्र में लगातार अवैध कॉलोनियों और कब्जों की शिकायतें मिल रही थीं। लिहाजा प्रशासन ने पहले सर्वे कराया और फिर चिन्हित स्थानों पर सख्त कार्रवाई की। शासकीय जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### लगातार निगाह रखने का फैसला

प्रशासन ने यह भी तय किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जहां भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा या कॉलोनी पाई जाएगी, वहां तत्काल बुलडोजर चलेगा। इसके लिए संबंधित राजस्व निरीक्षक और पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय-समय पर क्षेत्र में सर्वे करें और अतिक्रमण की सूचना प्रशासन को दें।

### इन स्थानों पर हुई कार्रवाई

» **ग्राम छावनी पठार:** यहां शासकीय भूमि पर कब्जा कर पक्के निर्माण कर लिए गए थे। प्रशासन ने जेसीबी की मदद से इन निर्माणों को ध्वस्त किया। भूमि को पुनः शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

» **मिलेनियम कॉलेज परिसर:** कॉलेज परिसर की सीमा से बाहर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया था। इस अतिक्रमण को हटाकर जमीन को मुक्त कराया गया।

» **मयूरी गार्डन** : विवाह समारोह और अन्य आयोजनों के लिए उपयोग होने वाले इस गार्डन ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था। सीमाओं का निर्धारण कर कब्जा हटाया गया।

» **ग्रीनवुड फार्म** : फार्म हाउस की परिधि शासकीय भूमि तक फैल गई थी। सीमांकन कर अवैध निर्माण हटाए गए।

## बहनाओं की घर में बढ़ गई पूछपरख

# दो साल में 1.27 करोड़ लाड़लियों को 28 हजार करोड़ रुपए मिले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लाड़ली बहनाओं को दो साल से प्रदेश सरकार हर महीने 1250 रुपए दे रही है। शुरू के कुछ महीनों तक यह राशि 1000 रुपए थी। अब तक 1.27 करोड़ बहनाओं को सरकार करीब 28 हजार करोड़ रुपए दे चुकी है। माना जा रहा है कि अब इन बहनाओं की आर्थिक स्थिति में आए बदलावों का समग्र अध्ययन सही निष्कर्ष सामने रख सकता है। हालांकि कहा जा रहा है कि कई परिवारों में पुरुष सदस्यों की कमाई कम हो गई जबकि यह राशि मिलने के बाद परिवारों में महिलाओं का नेतृत्व व मान पहले से बढ़ गया है। उल्लेखनीय है कि सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार लाड़ली बहनाओं को जो किश्त जारी की, वह 24वीं किश्त थी।



महीने में एक और साल में 12 किश्त दी जाती हैं इस तरह अब तक 24 किश्त दी जा चुकी हैं। किश्त में प्रत्येक महीने 1250 रुपए दिए जा रहे हैं। अब तक 1.27 करोड़ लाड़ली बहनाओं को 28 हजार करोड़ से अधिक का नगद लाभ दिया जा चुका है। पहले इन बहनाओं की संख्या 1.29 करोड़ थी।

### बहनों के लिए राज्य सरकार के द्वार सदैव हैं खुले -सीएम

सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार बहनाओं को राशि ट्रांसफर करते हुए कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के गरीब, किसान (अन्नदाता), युवा और नारी कल्याण के लिए संकल्पित है। भगवान श्रीराम की संस्कृति को मानते हुए सरकार अपने सभी वचन (संकल्प) पूर्ण कर रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के दो साल पूरे हो गये है। गुरूवार को प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को योजना की 24वीं किश्त जारी की गई है। हर महीने बहनों को 1250 रुपए राशि भेजकर हर माह रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। नारियों के सम्मान की परम्परा अनादि काल से है। हमने जो वादा बहनों से किया था उसे लगातार निभा रहें है। हम भगवान श्रीराम की संस्कृति को मानने वाले हैं जो वचन देते हैं उसे प्राण देकर भी निभाते हैं। लाड़ली बहना को सम्मान देकर पूरा प्रदेश गौरवान्वित होता है। सीएम ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 56 लाख 83 हजार हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। साथ ही 26 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 30 करोड़ 83 लाख रूपए राशि का ट्रांसफर की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दबाकर सीधी जिले में 112 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।

### केवटराज प्रकटोत्सव पर कई कार्यक्रम



**भोपाल।** निषादवंशीय समाज ने अपने आराध्य देव भगवान केवटराज के प्रकटोत्सव पर विशेष पूजा-आराधना के बाद भजन संध्या और भंडारे का आयोजन मानस भवन में किया। इस मौके पर समाज के सभी घटकों के श्रद्धालु भगवान केवटराज के जयकारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवान दास सबनानी, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी शामिल हुए। समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली अर्शिनी केवट भोपाल, सूरज केवट श्योपुर एवं अंशुल केवट अनुपपुर दीक्षा कश्यप मुरेना, रोहन बाथम भोपाल को केवटराज सम्मान से अलंकृत किया गया।

### बजट का मामला है....



**भोपाल।** नगर निगम के बजट में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी व योगेन्द्र गुड्डु चौहान के साथ नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव से मुलाकात की और कहा कि जो बजट परिषद में पारित हो चुका है उसके बजाए अब पुनरीक्षित बजट शासन के अनुमोदन के लिये भेजन गलत व नियम विपरीत है।

# सहयोग फाउण्डेशन के महासचिव बनने पर शेवानी का सम्मान

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष व रंगमंच के कलाकार मोहित शेवानी का पंचायत ने सम्मान किया। अध्यक्ष माधु चांदवानी ने सहयोग फाउण्डेशन के महासचिव पर सम्मान किया। बता दे सहयोग फाउण्डेशन एक अंतराष्ट्रीय सामाजिक संस्था है, संस्था का मुख्य उद्देश्य समाजसेवा, शिक्षा, चिकित्सा, संस्कृति का संवर्द्धन है। सहयोग फाउण्डेशन के चेयरमेन डा राम जवाहरानी ने सिंधी कलाकार मोहित शेवानी को महासचिव नियुक्त किया है। महासचिव बनने पर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा मोहित शेवानी का सम्मान किया। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि संत नगरवासियों को मोहित शेवानी पर गर्व है जिन्होने संतनगर का नाम देश विदेश में रोशन किया है। सम्मान करने वालों में पार्षद अशोक मारण, महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, कलाकार शुभम नाथानी आदि शामिल है। इस अवसर पर मोहित शेवानी के पिताश्री भी उपस्थित थे।



**मेट्रो एंकर**

## बाबा रामदास ने किया पांच द्वारों के लिए भूमिपूजन, एमआईसी सदस्य ने कहा, दूसरे कार्यकाल में हो रही इच्छा पूरी

# संतनगर में धार्मिक स्थलों के पास भव्य स्वागत द्वार बनेंगे

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के वार्ड 4 में विकास की एक नई पहल शुरू हुई है, जिसके तहत क्षेत्र के प्रमुख आस्था स्थलों के पास पांच भव्य स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमि पूजन सुखसागर दरबार के महंत बाबा रामदास उदासीन के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह विकास कार्य वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने इस अवसर पर कहा कि इन स्वागत द्वारों से धार्मिक स्थलों को एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह उनकी लंबे समय से इच्छा थी, जो उनके पहले कार्यकाल में पूरी नहीं हो सकी थी, लेकिन अब इसकी शुरुआत हो चुकी है। उपनगर के सुखसागर दरबार, बेहटा गांव स्थित हनुमान मंदिर, सीआरपीएफ गुरुद्वारा, झूलेलाल मंदिर और गिदवानी पार्क के पास स्थित हनुमान मंदिर के समीप कुल 15 लाख रुपये की लागत से ये स्वागत द्वार निर्मित किए जाएंगे। इस कार्य का शुभारंभ सुखसागर दरबार से हुआ, जहाँ महंत बाबा रामदासजी ने स्वयं आधारशिला रखी और इन सभी पांच द्वारों के सफल निर्माण के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम की शुरुआत राजेश हिंगोरानी द्वारा बाबा रामदासजी के आत्मीय स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर बाबा रामदासजी ने न केवल आधारशिला रखी, बल्कि अपनी शुभकामनाएँ भी दीं। क्षेत्र के निवासियों ने इस पहल का दिल खोलकर स्वागत किया और कहा कि ये स्वागत द्वार न केवल क्षेत्र की सुंदरता में चार चांद लगाएंगे, बल्कि इन महत्वपूर्ण धार्मिक और सामाजिक स्थलों की पहचान को भी और मजबूत करेंगे। उन्होंने बाबा रामदासजी और राजेश हिंगोरानी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पार्षद अशोक मारण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश जनियानी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

### यहां-यहां बनेंगे स्वागत द्वार

» **सुख सागर दरबार द्वार:** यह द्वार सुख सागर दरबार के मुख्य प्रवेश मार्ग पर बनेगा, जो इस पवित्र स्थल की गरिमा को और बढ़ाएगा।

» **हनुमान मंदिर गिदवानी पार्क द्वार:** गिदवानी पार्क के प्रवेश पर बनने वाला यह स्वागत द्वार आगंतुकों का स्वागत करेगा और पार्क की शोभा में वृद्धि करेगा।

» **झूले लाल मंदिर द्वार:** यह द्वार श्रद्धालुओं के लिए आस्था के केंद्र, झूले लाल मंदिर में प्रवेश का सुंदर प्रतीक बनेगा।

» **हनुमान मंदिर बेहटा गांव द्वार** : बेहटा गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास बनने वाला यह द्वार मंदिर की महत्ता को दर्शाएगा और भक्तों का हार्दिक स्वागत करेगा।

» **सीआरपीएफ गुरुद्वारा द्वार** सीआरपीएफ गुरुद्वारा के समीप बनने वाला यह स्वागत द्वार सिख समुदाय के लिए सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक होगा।



### नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान

जलभराव की समस्या पर प्रतिक्रिया देते हुए एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने यह भी जानकारी दी कि बारिश के मौसम से पहले संतनगर के सभी नालों की गहन सफाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पानी की निकासी में बाधा उत्पन्न करने वाले सभी अतिक्रमणों को हटाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में महापौर मालती राय ने भी इस क्षेत्र का दौरा किया था और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। निगम का अमला प्रेमचंदानी मार्ग, राजेन्द्र नगर, बस स्टैंड, कुम्हार मोहल्ला और साईं नगर के नालों की सफाई के लिए एक विशेष अभियान चलाएगा।।

**सेना के शौर्य-पराक्रम को सम्मान...**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रति आभार प्रदर्शित करने रोशनपुरा चौराहे से एमवीएम तक निकली तिरंगा यात्रा।

### मंत्री रहते विजयपुर विधानसभा उप चुनाव हार गए थे रामनिवास रावत

# परमार को मिला पसंद का जिला, रावत के प्रभार वाले जिले टेटवाल व जायसवाल को

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**राज्यमंत्री गौतम टेटवाल व दिलीप जायसवाल का कद सरकार ने बढ़ा दिया है। पहले इन दोनों राज्य मंत्रियों को प्रभार के एक-एक जिले दिए थे। अब एक-एक जिलों का अतिरिक्त प्रभार दे दिया है। उधर कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार को उनकी पसंद के दमोह जिले का प्रभार दिया है। यह बदलाव सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया। इसके आदेश भी जारी हो गए हैं।**

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के मुताबिक कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार से बड़वानी जिले का प्रभार लेकर उन्हें पन्ना के साथ दमोह का जिम्मा दे दिया है। जबकि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल व दिलीप जायसवाल का कद बढ़ा दिया है। राज्यमंत्री टेटवाल के पास पहले से उज्जैन का प्रभार तो था ही, अब उन्हें बड़वानी का जिम्मा भी दिया है तो वहीं राज्यमंत्री जायसवाल को सीधी के साथ मंडला जिले का प्रभारी मंत्री बनाया है।

**रावत के चुनाव हार जाने खाली थे उन्हें प्रभार में दिए मंडला व दमोह**
**कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार मांग रहे थे बड़वानी की जगह दमोह**



### रावत के पास था मंडला व दमोह का प्रभार

मंडला व दमोह जिले का प्रभार वन मंत्री रहे रामनिवास रावत के पास था लेकिन वह विजयपुर विधानसभा में हुए उप चुनाव में हार गए थे, चूंकि अभी कर्मचारियों के तबादले की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें जिले के अंदर तबादले करने के अधिकार प्रभारी मंत्रियों के पास है। उक्त जिले के शासकीय सेवक परेशान हो रहे थे, जिसे देखते हुए बदलाव किए है। वहीं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार पूर्व से ही दमोह का प्रभार चाहते थे, लेकिन उन्हें पन्ना के साथ बड़वानी दे दिया था, जिसे हटाकर दमोह दे दिया है।

### दो चरण की काउंसलिंग के बाद तीसरे चरण में होगा सीएलसी राउंड

# उच्च शिक्षा : कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू, आज होंगे सत्यापन, पहले दिन 2485 पंजीयन हुए

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

प्रदेश के 1200 से अधिक निजी, सरकारी और अल्पसंख्यक कालेजों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों का इंतजार अब खत्म हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने गुरुवार से कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं आज से सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होगी। पहले दिन यूजी-पीजी में 2485 स्टूडेंट्स ने अपने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। हालांकि राजधानी भोपाल सहित रीवा व अन्य जिलों से ई-प्रवेश का पोर्टल नहीं खुलने की शिकायतें मिली हैं। स्टूडेंट एक से दूसरे कियोस्क में परेशान होते रहे। दरअसल, उच्च शिक्षा विभाग ने अपने सरकारी, निजी और अल्पसंख्यक कॉलेजों की यूजी और पीजी कोर्स में प्रवेश देने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने गाइडलाइन भी जारी कर दी है। विभाग पचास दिनों में पूरी काउंसलिंग आयोजित कराएगा। प्रवेश देने के लिए विभाग ने तीन चरण की काउंसलिंग का कार्यक्रम तैयार किया है। दो चरण की काउंसलिंग पूरी होने के बाद विभाग तीसरे चरण में कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) करेगा। यूजी और पीजी में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी गुरुवार से 30 मई तक पंजीयन, 16 से 31 मई तक सत्यापन होंगे।

**इधर सीटों पर असमंजस बरकरार :** सीटों को लेकर अभी भी असमंजस बरकरार है, क्योंकि विभाग ने निजी कालेजों की मान्यता जारी नहीं की है। इससे विवि निजी कालेजों को संबद्धता भी नहीं दे पाएंगे। ऐसे में अब तक सीटों और कॉलेजों की निर्धारित संख्या अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। ऐसे में काउंसलिंग के दौरान कॉलेज और सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

**पहले चरण के लिए 5 जून को होगा सीटों का आवंटन :** उच्च शिक्षा विभाग 5 जून को सुबह 11 बजे सीटों का आवंटन करेगा। विद्यार्थी पांच से 12 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थी उक्त तिथि में फीस जमा नहीं करते हैं, तो उनके प्रवेश मान्य नहीं होंगे। भुगतान के अभाव में उनके प्रवेश नहीं माने जाएंगे।

**दूसरे चरण के पंजीयन 7 से होंगे शुरू :** दूसरे चरण की काउंसलिंग के पंजीयन सात से 13 जून तक होंगे। वहीं सत्यापन आठ से 14 जून तक होंगे। विभाग 19 जून को आवंटन जारी करेगा। विद्यार्थी 19 से 24 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे।

**सीएलसी में 20 से 25 जून तक पंजीयन :** इसके बाद तीसरे चरण सीएलसी में 20 से 25 जून तक पंजीयन होंगे। 21 से 26 तक सत्यापन होगा, तीस जून को आवंटन जारी किया जाएगा। विद्यार्थी तीस जून से चार जुलाई तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे।

**एनसीटीई कोर्स में भी पंजीयन शुरू :** विभाग ने एनसीटीई के कोर्स जैसे बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड, बीएडएमएड, आईटीईपी, बीएलएड, अंशकालीन बीएड और राज्य शिक्षा केंद्र का बीएड में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में गुरुवार से 30 मई तक पंजीयन, सत्यापन 16 से 31 मई तक होगा। विभाग एक जून को मेरिट जारी करेगा। विभाग पांच जून को प्रवेश आवंटित करेगा। पांच से 11 जून तक मूल दस्तावेज, टीसी माइग्रेशन का भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर लिंग इनिशिएट कराएंगे। विद्यार्थी पांच से 12 जून तक प्रवेश ले पाएंगे। दूसरे चरण में 7 से 13 जून तक पंजीयन, सत्यापन आठ से 14 जून तक होगा। विभाग 15 जून को मेरिट जारी करेगा। तीसरे चरण में 20 से 25 जून तक पंजीयन, सत्यापन 21 से 26 जून तक होगा।



## संपादकीय

# सेना में महिलाओं की भूमिका

सेना में शामिल होना आसान नहीं होता लेकिन यह लगभग हर दूसरे तीसरे युवा भारतीय का ख्वाब जरूर होता है। ऐसे में जब यह सपना युवतियों का हो तो चुनौती भी बढ जाती है। इस मान से देखें तो अभी सेना में महिलाओं की उपस्थिति बहुत उत्साहवर्धक नहीं है।बावजूद जितनी है और जिस तरह का काम महिला कर रही हैं, वह काबिले तारीफ है और उम्मीदें जगाता है। हाल में भारत पाक के बीच युद्ध जैसे हालातो में दो महिला चेहरे ऐसे रहे,जिनका लोहा दुनिया ने माना, यह हैं कर्नल सोफिया कुरैशी और कमांडर व्योमिका सिंह। यह महिलाओं के लिए नई रोल मॉडल बन रही हैं। उल्लेखनीय है कि सेना में स्त्री-पुरुष समानता सुनिश्चित करने में भारत की प्रगति धीमी रही है। बावजूद इसके, महिलाएं तमाम चुनौतियों को पार करते हुए सेना के तीनों अंगों में अपनी जगह बना रही हैं और धीरे-धीरे अग्रणी भूमिका में भी दिखने लगी हैं। मगर यह संख्या अब भी संतोषजनक नहीं है। पुरुषों के मुकाबले जिस अनुपात में महिलाओं को सेना में अवसर मिलना चाहिए, उस पर प्राय~सवाल उठते रहे हैं। कोई दोराय नहीं कि जब जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं, तो सैन्य बलों में उनकी प्रतिभागिता पर्याप्त रूप से क्यों नहीं बढ़ाई जानी चाहिए? शीर्ष न्यायालय ने उचित ही सवाल किया है कि जब महिलाएं रफाल उ?ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में उनकी संख्या सीमित क्यों है। वे शीर्ष पदों पर क्यों नहीं नियुक्त हो सकतीं। दरअसल दो महिला अधिकारियों, अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी ने एक याचिका दायर की है जिसमें उन्होंने बताया कि उनके चौथे और पांचवें रैंक होने के बावजूद, पुरुष साथियों की तुलना में अधिक मेरिट स्कोर होने के बावजूद, महिलाओं के लिए कम वैकेंसीज के कारण उन्हें जेएजी डिपार्टमेंट में चयनित नहीं किया गया। इस पर जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।
गौरतलब है कि स्थायी कमीशन के लिए भी सेना में कार्यरत महिलाओं को लंबा संघर्ष करना पड़ा था। अपने अधिकारों के लिए उन्हें कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। तब शीर्ष न्यायालय के एक महत्त्वपूर्ण फैसले के बाद सेना में उच्च पद पर उनके पहुंचने का रास्ता खुला था। स्त्री-पुरुष समानता के सवाल पर अदालतें सरकार को अपनी मानसिकता बदलने की नसीहत देती रही हैं। महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का फैसला सुनाते समय भी जब अदालत ने सरकार को टोका था, तो उसका कहना था कि रक्षा बलों में पुरुष अभी महिला अधिकारियों की कमान स्वीकार करने के लिए मानसिक रूप से प्रशिक्षित नहीं हो पाए हैं। मगर अब तो अग्रिम मोर्चे में महिलाएं कई अहम भूमिकाएं निभाने लगी हैं। सीमित संख्या में ही सही, अगर महिलाएं युद्धक विमान उड़ाने के काबिल हो गई हैं, तो क्या पुरुष वर्चस्व की मानसिकता नहीं बदलनी चाहिए। सेना की विभिन्न शाखाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के साथ उन्हें युद्ध क्षेत्र में क्यों नहीं तैनात किया जाना चाहिए। आज सेना की सभी चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिलाएं ही कर रही हैं। इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए कि बाकी सेवाओं में भी अग्रणी भूमिका से उन्हें क्यों वंचित रखा जाए। यह ऐसा वक्त है जो बदलाव के साथ ही समानता और सोच में परिवर्तन का संदेश दे रहा है। समाज के साथ ही सरकार को भी इस संदेश को पढने की कोशिश ज्यादा बारीकी से करना होगी। यदि सेना, पुलिस या अन्य ऐसी सेवाओं में पुरुषों के साथ महिलाओं की भी भागीदारी बढेती तो यह यकीनन बदलाव और बेहतरी के कई रास्ते भी खुलते चले जाएंगे।

# देश की समरसता व संप्रभुता की रक्षा का वक्त



■ विश्वनाथ सचदेव

बारह मई की सुबह से ही टीवी चैनलों पर प्रधानमंत्री के 'राष्ट्र के नाम संदेश' की चर्चा होने लगी थी। कई खबरिया चैनलों ने तो बाकायदा यह चर्चा भी की कि प्रधानमंत्री अपने संदेश में क्या कहेंगे ! आखिरकार प्रधानमंत्री बोले। अपने संदेश में उन्होंने जो कुछ कहा वह लोगों के कयास से बहुत अलग नहीं था। बड़ी स्पष्टता और बेबाकी के साथ उन्होंने यह बताया कि भारत-पाक के बीच का 'संघर्ष-विराम' हमने अपनी शर्तों पर किया है। अपने लगभग बाईस मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्टपति ट्रम्प का नाम लिये बिना यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि हमने यह कदम किसी अन्य देश के दबाव में आकर नहीं उठाया है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि पाकिस्तान के आग्रह पर ही संघर्ष-विराम के लिए बातचीत हुई थी। उन्होंने यह कहना भी ज़रूरी समझा कि पाकिस्तान से साफ कह दिया गया है कि अब यदि आतंकवाद की एक भी घटना घटी तो इसे भारत के खिलाफ युद्ध ही माना जायेगा और हम उसी के अनुरूप कदम उठायेंगे। हम क्या कदम उठा सकते हैं, यह हमारी सेनाएं इन दिनों में बखूबी बता चुकी हैं।कहने को पाकिस्तान कुछ भी कह सकता है, पर सारी दुनिया ने देखा है कि इस दौरान भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को तहस-नहस करने में पूरी सफलता पायी है। हमारे सेना-अधिकारी यह बात पहले से कहते आ रहे थे, प्रधानमंत्री ने इसे दुहरा कर देश के दावे पर मुहर ही लगायी है। बिना पाकिस्तान में प्रवेश किये ही हमारी सेनाओं ने सौ से अधिक आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है। सैन्य-कार्रवाई की दृष्टि से यह बहुत बड़ी सफलता है। अपनी सेना की इस सफलता पर देश निश्चित रूप से गर्व कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 'पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते।' इसका सीधा अर्थ यही है कि सिंधु-नदी के जिस पानी को भारत ने पाकिस्तान में पहुंचने से रोका है, वह फिलहाल फिर से नहीं बहेगा। पाकिस्तान को अपनी करनी से यह बताना होगा कि वह कायराना आतंकवादी हमलों की नीति से बाज़ आ गया है। एक और बड़ी बात जो प्रधानमंत्री मोदी के इस संदेश से स्पष्ट होकर सामने आयी है, वह यह है कि भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आज भारत और पाकिस्तान दोनों ही एटॉमिक ताकतें हैं। दोनों के पास परमाणु बम हैं। और, दुर्भाग्य से, पाकिस्तान जब-तब यह धमकी देता रहता है कि वह परमाणु शक्ति का उपयोग कर सकता है। अब प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट करना ज़रूरी समझा है कि 'हम इस धमकी से नहीं डरेंगे।' हमारी सेनाओं के आला अफसर भी यह कह चुके हैं कि 'भय बिनु होय न प्रीति।' पाकिस्तान को इस संकेत की महत्ता समझनी चाहिए।

बहरहाल, पहलगाम के अमानवीय कृत्य के बाद भारत ने जो कदम उठाये हैं, वे यह तो स्पष्ट करते हैं कि अब पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होने वाली आतंकवादी गतिविधियों को सहने के लिए यह देश तैयार नहीं है। बिहार की एक 'चुनावी सभा' में भी प्रधानमंत्री ने यह साफ कहा था कि पहलगाम के अपराधियों को कल्पनातीत सज़ा दी जायेगी। अब हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'कल्पनातीत' के क्या अर्थ हो सकते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस घटनाक्रम से पाकिस्तान कुछ सीख ले पायेगा। इस दौरान देश ने जिस एकजुटता का परिचय दिया है, वह भी एक तरह से कल्पनातीत ही है। समूचे विपक्ष ने एक स्वर से आतंकवादी गतिविधियों की भर्त्सना की थी और एक स्वर से ही यह भी कहा था इस संघर्ष के संदर्भ में सरकार जो भी कदम उठाती है, विपक्ष उसका समर्थन करेगा। पहले भी हम पाकिस्तान को चार युद्धों में पराजित कर चुके हैं, और पहले भी हम इस तरह की एकजुटता दिखा चुके हैं, पर इस बार कुछ विशेष था। पहलगाम की घटना ने सारे देश के मानस को हिला कर रख दिया था। पहलगाम में जो कुछ हुआ वह चरम अमानुषिकता का एक उदाहरण है। और इसके बाद देश ने जो एकजुटता दिखाई, वह भी इस बात का उदाहरण है कि महाभारत के कौरवों-पाण्डवों की तरह भले ही हम सौ और पांच हों, पर यदि सवाल देश की रक्षा का है तो हम सौ और पांच नहीं, एक सौ पांच हैं ! पहलगाम-काण्ड ने एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों को एक स्वर से बोलने का अवसर दिया है लेकिन, और यह महत्वपूर्ण है, संघर्ष के दौरान भले ही सवाल उठाना उचित नहीं था, पर अब, जबकि स्थितियां सुधरने का संकेत दे रही हैं, हमें यानी 140 करोड़ भारतीयों को अपने आप से यह सवाल पूछना होगा कि हम अक्सर बांटने वाली ताकतों की हिमाकतों के शिकार क्यों बन जाते हैं? पहलगाम की घटना की अमानुषिकता हर दृष्टि से निंदनीय है, पर इस घटना से हम यह सबक तो ले ही सकते हैं कि यह 'हमला' कुछ सैलानियों पर ही नहीं था, हमलावर भारतीय समाज की एकता को खण्डित करना चाहते थे। इसीलिए नाम पूछकर गोलियां चलीं। हमारे लिए ज़रूरी है कि हम इस हमले के निहितार्थों को समझें। आतंकवादियों की कोशिश यह थी कि धर्म के आधार पर भारतीयों को बांटने का षड्यंत्र रचा जाये पर उनकी यह कोशिश सफल नहीं हो पायी। पर हमें यह भी स्वीकारना होगा कि आतंकवादी ही नहीं, कुछ अन्य तत्व भी हैं जो अपने स्वार्थों के लिए हमें बांटना चाहते हैं। आवश्यकता इनके मंसूबों को विफल बनाने की है।

**पहलगाम-काण्ड ने एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों को एक स्वर से बोलने का अवसर दिया है लेकिन, और यह महत्वपूर्ण है, संघर्ष के दौरान भले ही सवाल उठाना उचित नहीं था, पर अब, जबकि स्थितियां सुधरने का संकेत दे रही हैं, हमें यानी 140 करोड़ भारतीयों को अपने आप से यह सवाल पूछना होगा कि हम अक्सर बांटने वाली ताकतों की हिमाकतों के शिकार क्यों बन जाते हैं?**

सोशल मीडिया पर दो-चार दिन पहले ही एक चित्र वायरल हुआ था। एक मुसलमान सिपाही के घर का चित्र था। दरवाजे के ऊपर संगमरमर की एक पट्टी थी। जिस पर लिखा था, 'सीमा की रक्षा करने वाले का घर।' देश की रक्षा मात्र देश की सीमाओं पर ही नहीं करनी होगी, देश के भीतर भी रक्षा करनी होती है। इस भीतर की रक्षा का मतलब है हर भारतवासी अपने भीतर की भारतीयता को जगाये रखे। दुर्भाग्य से, यह भीतर का भारतवासी कभी-कभी कमज़ोर पड़ जाता है। उसकी मजबूती की रक्षा करना ज़रूरी है। उसे कमज़ोर बनाने वाली ताकतें अपना काम लगातार कर रही हैं। ऐसी ताकतें ही इस तरह के सवाल उठाती हैं कि 'हर मुसलमान भले ही आतंकवादी न हो, पर हर आतंकवादी मुसलमान क्यों होता है?' यह सवाल ही बेहूदा है। क्या सारे नक्सली मुसलमान होते हैं? क्या सारे अलगाववादी मुसलमान हैं? क्या जिन्हें टुकड़ा-टुकड़ा गैंग कहा जाता है, वे सब मुसलमान हैं? इनमें से एक सवाल का उत्तर भी 'हां' में नहीं है, तो फिर आतंकवाद को धर्म से जोड़ने का क्या मतलब है?

पाकिस्तान का जन्म धर्म के आधार पर हुआ था, यह सही है, पर यह सरासर गलत है कि बंटवारे के समय पाकिस्तान के बजाय भारत में रहने का निर्णय लेने वाले मुसलमान को किसी भी तरह से कम भारतीय आंका जाये। अपने स्वार्थों की सिद्धि के लिए कुछ लोग, कुछ ताकतें लगातार इस कोशिश में लगी रहती हैं कि धर्म के नाम पर समाज को बांटा जाये। इन ताकतों में, और पहलगाम में नाम पूछकर गोली चलाने वाले आतंकियों में कोई विशेष अंतर नहीं है। आवश्यकता इन ताकतों को विफल करने की है। प्रधानमंत्री ने अपने बहुप्रतीक्षित संदेश में इस मुद्दे को भी उठाया होता तो बेहतर होता। वैसे उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए था कि भारत की प्रभुसत्ता की रक्षा हर कीमत पर होनी चाहिए। अपने दोस्त राष्टपति ट्रम्प को भी उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहना चाहिए था कि भारत अपने मामलों को सुलझाने में सक्षम है। अमेरिकी अखबारों में ट्रंप के झूठ अक्सर गिनाये जाते हैं। फिर भी, प्रधानमंत्री को देश को भरोसे में लेना चाहिए कि वे किसी विदेशी ताकत के इशारे पर काम नहीं करेंगे। इस प्रश्न का उत्तर भी मिलना चाहिए कि किसी और देश का राष्टपति हमारे युद्धविराम की घोषणा कैसे कर सकता है? देश की प्रभुसत्ता से कोई समझौता नहीं हो सकता। देश सर्वोपरि है।

(साभार)

# आतंकवाद के सफाए के लिए मोदी संकल्पबद्ध

सुरेश चौरी



पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले ने पूरे भारत देश को झकझोर दिया। यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। निर्दोष नागरिकों की उनके परिवारों के सामने हत्या, उनके धर्म के आधार पर, आतंक और क्रूरता का भयानक चेहरा था। यह देश की एकता और सौहार्द को तोड़ने का एक शर्मनाक प्रयास था। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे देश ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग की। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय सेनाओं को पूरी स्वतंत्रता दी गई कि वे आतंकवादियों का खात्मा करें। भारत द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी गई । द्विपक्षीय व्यापार निलंबित कर दिए गए। वीजा रद कर दिए गए। सिंधु जल संधि को रोक दिया गया । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक, योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाएगा। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से ऑपरेशन सिंदूर के जरिए ठोस कार्रवाई के रास्ते को चुना। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं, यह देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं का प्रतीक बनकर सामने आया। 6 मई की रात और 7 मई की सुबह, भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी प्रतिज्ञा को साकार किया। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंकियों के 9 ठिकानों पर और उनके प्रशिक्षण केंद्रों पर सटीक हमला किया, जिनमें प्रमुख है 1 सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद, 2 सैयदाना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद (जैश-ए-मोहम्मद का प्रशिक्षण केंद्र) 3 बरनाला कैंप, बीरबगढ़ 4 अब?बास कैंप, कोटली (एलईटी का फिदायीन प्रशिक्षण केंद्र) 5 सरजाल कैप, सियालकोट 6 मेहमूना जया कैंप, सियालकोट 7 गुलपुर कैंप, कोटली, 8 मरकज तैयबा, मुरीदके (26/11 के हमलावरों का प्रशिक्षण केंद्र) 9 मरकज सुभान अल्लाह, बहावलपुर (जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय) जिसे एयर फोर्स ने ध्वस्त किया । जब देश एकजुट होता है और ÷नेशन फर्स्ट÷ की भावना से काम करता है, तो ऐसे मजबूत निर्णय और परिणाम सामने आते हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के भीतर 100 किमी तक घुसकर कार्यवाही की। यह भारत की सैन्य क्षमता, राजनीतिक इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। मारे गए प्रमुख आतंकियों में 1 मुदस्सर कादियान उर्फ अब्बू जुंदाल (एलईटी), 2 हाफिज मोहम्मद जमील (जेईएम), 3 मसूद अजहर का साला, 4 मोहम्मद यूसुफ (खालीद अजहर उर्फ उस्ताद और आईसी-814 हाइजैकिंग का आरोपी) 5 खालिद उर्फ अब्बू अक्का खालिद (एलईटी) शामिल हैं। भारत ने इन आतंकियों को एक ही बार में खत्म कर दिया ।



इनके अंतिम संस्कार में पाक के आर्मी चीफ व पाक सरकार के नुमाइंदों का शामिल होना इस बात की पुष्टि करता है कि पाक सरकार आतंकवाद पोषक है । भारत की मजबूत सैन्य शक्ति, भारत के मिसाइलों और ड्रोन ने पाकिस्तानी एयरबेस को भारी नुकसान पहुँचाया । भारत ने राफेल, सुखोई, ब्रह्मोस, एस-400, एस-125, स्कल्प मिसाइल, हेमर मिसाइल बम का जहॉं एक ओर इस्तेमाल किया वहीं स्वदेशी निर्मित आकाश मिसाइल, समर, नागास्त्र का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के अनेक ड्रोन्स व मिसाइल नष्ट कर दिये । डीआरडीओ के अभेद्य रक्षा कवच ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया । भारत का एयर डिफेंस सिस्टम सक्षम रहा और भारत निर्मित हथियारों और मिसाइलों की श्रेष्ठता साबित हो गई। भारतीय सेना द्वारा सतर्कता बरती गई कि पाकिस्तान के किसी नागरिक, सैन्य और आर्थिक ठिकाने पर निशाना लगाने के बजाय सिर्फ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया जाए । इस तरह दुनिया में किसी को इसके विरोध में कुछ कहने का मौका नहीं रह गया। चीन तक समझ नहीं पा रहा कि भारत के इस कदम को कैसे गलत ठहराया जाए । भारतीय सेना ने पाक के जिन नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए, उनमें से चार पाक अधिकृत कश्मीर में और बाकी उसके पंजाब प्रांत में स्थित थे। शायद पाकिस्तानी सेना को अंदाजा नहीं था कि भारतीय सेना पंजाब प्रांत के भीतर भी हमला कर सकती है। पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत ने पाकिस्तान की कूटनीतिक घेराबंदी कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लगभग 20 देशो के राष्ट्रध्यक्षो से बात कर पाक द्वारा पोषित आतंकबाद की जानकारी दी। उन्होनें अमेरिका, साउदी अरब, यू.ए.ई. जैसे बड़े देशो का समर्थन हासिल किया। आज पाकिस्तान कूटनीतिक दृष्टि से अंतर्राष्टीय स्तर पर अलग पड़ चुका है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी वैचारिक असहमतियों से ऊपर उठकर एकजुटता दिखाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाले सक्षम भारत की सशक्त तस्वीर ही है कि पाकिस्तान चार दिनों में ही घुटनों पर आ गया। दस मई को पाकिस्तान के 11 हवाई अड्डे धुआं-धुआं हो जाने के बाद पाक 'सरेंडर' कर सीजफायर के लिए अपने डीजीएमओ के जरिए गुहार करने लगा। भारत ने दो टूक फैसला किया कि भविष्य में अगर आतंकी हमला हुआ तो उसे 'एक्ट ऑफ वार' माना जाएगा और उसका जवाब भी उसी भाषा में दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने देश के नाम अपने संबोधन में कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की साठगांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी।
प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जोर देकर कहा है कि पाकिस्तान की सेना और सरकार ने लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दिया है । उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयां अंततः पाकिस्तान के पतन का कारण बनेंगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा है कि अगर पाकिस्तान को अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे अपने आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा - शांति का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उन्होंने भारत के अटूट संकल्प की पुष्टि करते हुए कहा कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं चल सकते, टेरर और ट्रेड साथ-साथ नहीं चल सकते, और खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते । प्रधानमंत्रीजी ने स्पष्ट किया है कि पाक से बातचीत का केवल एजेण्डा होगा आतंकवाद की समाप्ति और पाक अधिकृत कश्मीर। इतिहास याद रखेगा कि पहलगाम के जवाब में भारत की प्रतिक्रिया संयमित और समयानुकूल रही। आतंकवाद के विरुद्ध भारत ने मजबूती से खड़े होकर एक सुर में बात की। रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह जी ने भी स्पष्ट किया कि आपरेशन सिंदूर जारी है। यह स्पष्टता, साहस और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के एक नए युग का आरंभ है। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और उसकी पनाह में पल रहे आतंकियों को सबक सिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नाम संदेश दिया और अगले दिन आदमपुर एयरबेस पहुंचे। प्रधानमंत्री के संदेश व आदमपुर एयरबेस पहुंचने के अपने निहितार्थ हैं। आदमपुर एयरबेस पर प्रधानमंत्री मोदी का पहुंचना जहॉं वीर सेनिको की हौसला आफजाई करना था वहीं पाकिस्तान के इस दावे की भी कलई खोलना था कि आदमपुर एयरबेस को कोई नुकसान नहीं हुआ है। देश के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। बीते दिनों में हमारे देश का सामर्थ्य और उसका संयम दुनिया ने देखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस और पराक्रम समर्पित करता हूं। सबसे पहले मैं भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया है, जिसके लिए कृतज्ञ भारत ऋणी है।

**(लेखक भारत सरकार में रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री रहे हैं)**

कहानी में अल्प विराम तक ही अच्छा लगता है उसमें पूर्ण विराम लग जाये तो फिर सफ़र में मज़ा कहाँ आएगा. सफ़र में होना अपने आप में बड़ी बात है..

## निशाना

### नहीं मानते ट्रंप !



रह रह कर शिगूफा ।
नहीं मानते ट्रंप ।।
बोल बोल कर दुनिया में ।
ला रहे भूकंप ।।
हर पल नया तमाशा ।
अर्थ क्षेत्र पर मार ।।
इस टैरिफ ने उनके ।
कर दिया प्रहार ।।
उथल पुथल बाजार में ।
हाहाकार है छाया ।।
उनके जो प्रतिद्वंदी ।
कर रहे सफाया ।।
आगे बढ़ने की ललक ।
धुन है अलग सवार ।।
लेकिन दुनिया धीरे धीरे ।
बनी होशियार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1606 रूस में विदेशी नागरिकों की हत्या हुई
- 1747 प्रिंस विलियम ङ्क ने नीदरलैंड के एडमिरल-जनरल के रूप में शपथ ली।
- 1770 मैरी एंटोनेट ने लुई-अगस्टे (जो बाद में फ्रांस के राजा लुई ङ्कङ्कढ्ढ का हो गया) से शादी की।
- 1771 युद्ध की अलमांस की लड़ाई- युद्ध के युद्ध की अंतिम लड़ाई, औपनिवेशिक और स्थानीय नियंत्रण के मुद्दों पर औपनिवेशिक उत्तरी कैरोलिना में एक विद्रोह था।
- 1771 अलमांस की लड़ाई-युद्ध के विनियमन की अंतिम लड़ाई, कराधान और स्थानीय नियंत्रण के मुद्दों पर औपनिवेशिक उत्तरी कैरोलिना में एक विद्रोह- लड़ी गई।
- 1795 हेजेज संधि~ बाताफ्स गणराज्य फ्रेंच फ्रांसीसी राज्य बन गया।
- 1811 प्रायद्वीपीय युद्ध-ब्रिटिश, स्पैनिश, और पोपुलर सैन्य टुकड़ियों का एक संबद्ध बल, स्पेन के अल्बुएरा साउथोफ बैदजोज़ की लड़ाई में फ्रांसीसी के साथ भिड़ गया।
- 1811 प्रायद्वीपीय युद्ध-ब्रिटिश, स्पेनिश और पुर्तगाली सैनिकों की एक संबद्ध सेना, स्पेन के अल्बुएरा साउथोफ बैदजोज़ की लड़ाई में फ्रांसीसी के साथ भिड़ गई।
- 1812 रूसी फील्ड मार्शल मिखाइल कुतुज़ोव, बुखारेस्ट की संधि पर हस्ताक्षर किये जिसके परिणामस्वरूप रूस-तुर्की युद्ध (1806-12) समाप्त हुआ और बेस्सारबिया को इंपीरियल रूस से जो?ा गया।
- 1817 मिसिसिपी नदी पर स्टीमबोट सेवा की शुरूआत हुई।
- 1843 एल्म ग्रोव, मिसौरी के एक हज़ारपोनियों के साथ ओरेगन ट्रेल (चित्र के अनुसार) पर प्रशांत नॉर्थवेस्टसेट के लिए पहली प्रमुख वैगन ट्रेन हेडिंग।
- 1862 जीन जोसेफ एटिनी लेनोयर पहला ऑटोमोबाइल तैयार किया।
- 1869 सिनसिनाटी रेड्स ने अपना पहला बेसबॉल गेम 41-7 से जीता।

## विभाग में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की बढ़ सकती है परेशानी

# जल संसाधन विभाग की बिल्डिंग जर्जर होकर गिरने की कगार पर!

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय कर्मचारियों को रहने के लिए बनाए गए आवास देखरेख के अभाव में जर्जर होते जा रहे हैं। वैसे तो सभी विभागों के भवनों की बिल्डिंग पक्की बनी हुई है, लेकिन जल संसाधन विभाग आज भी कच्चे खपरैल वाले आवास में संचालित हो रहा है। इन क्वाटरों में रहने वाले कर्मचारी कई दिक्कतों से जूझ रहे है। क्योंकि आए दिन घरों में जहरीले जीव जंतु निकलते रहते हैं। जिससे परिवार के लोग भी डरे सहमें रहते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले 15 साल से अधिक का समय बीत गया, पर इन मकानों की मरम्मत नहीं की गई है। जिससे ये खंडहर में तब्दील होने लगे हैं। फर्श उखड़ गया है, दीवारों में सीमेंट नहीं बचा है और छेद हो गए हैं। भवनों की पुताई भी कभी नहीं कराई जाती है। ये घर रहने के लायक नहीं बचे हैं और कभी भी गिर सकते है। जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।



बरसात का समय नजदीक है यदि 15 जून की पहले यह कर प्रार्थना कराया गया तो बिल्डिंग में ध्वस्त हो जाएंगी अनुविभागीय अधिकारी जो यहां पर पदस्थ है वे अभी दो-दो जगह के चार्ज में हैं जिसके कारण भी कभी भी नगर में पहुंचते है भवन मरम्मत के इंतजार में जल संसाधन विभाग का कार्यालय नगर में मुख्य स्थान पर बना हुआ है, जो बीच में है। यहां पर कोई भी काम नहीं हो रहा है। इस विभाग की बिल्डिंग वर्षों पुरानी है और जीर्णोद्धार का इंतजार कर रही है या फिर टुटकर नए सिरे से निर्माण कार्य होना चाहिए।

छत का छप्पर कई जगह से टूट चुका है। क्योंकि छप्पर में सीमेंट की सीटें लगी हुई है, जो खराब हो चुकी है। वहीं छप्पर में लगी लकड़ी सड़ चुकी है और घुन लग रहा है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बारिश में होती है दिक्कत आवासों में रहने वाले कर्मियों ने बताया कि बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि पूरी बिल्डिंग खराब होने के चलते और सीमेंट की सीटें टूटी होने के कारण बारिश का पानी अंदर भर जाता है। जिससे कर्मचारियों और अधिकारियों को सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है।

वहीं रातभर सोना और रहना मुश्किल हो जाता है। खिड़की के साथ दरवाजे भी टूट गए कई क्वाटरों में लगे दरवाजे घुनकर टूट चुके हैं। कुछ में तो दरवाजे ही नहीं है। वहीं खिड़की भी नहीं है। जिसके कारण हमेशा खतरा बना रहता है। बारिश में अंदर रखी फाइलें और रिकॉर्ड खराब हो जाता है। परिसर में चारों ओर कंटीली झाड़ियां ऊंगी हुई है और गंदगी पसरी हुई है। जिसमें जहरीले जीव जंतु का वास है।

एक माह पहले ही बड़ा सांप निकला था। जिसे देखकर लोग भयभीत हो गए थे। कर्मचारियों ने बताया कि परिसर में गंदगी होने और साफ सफाई ना होने के कारण यह जीव यहां अपना निवास बनाए हुए हैं। कच्चे आवास में जल संसाधन विभाग नगर में सभी विभाग की पक्की बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है और उनका कामकाज भी पक्की बिल्डिंगी में संचालित हो रहा है लेकिन जल संसाधन विभाग आज भी क्षतिग्रस्त भवन में संचालित हो रहा। जहां पर अन्य सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है। जिससे सभी परेशान है। बताया गया कि तेंदूखेड़ा जल संसाधन विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कई बार नई बिल्डिंग की मांग शासन-प्रशासन से की जा चुकी है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जब इस संबंध में प्रभारी एसडीओ राहुल जैन को फोन लगाया तो आऊट ऑर्फ कवरेज बताता रहा।

एसडीएम सौरव गंधर्व का कहना है कि मैं कल ही एसडीओ को बुलाकर इस में बात करता हूं साथ ही पी डब्ल्यू डी एसडीओसी इसकी जांच करता हूं यदि मरम्मत लायक होंगे तो मरम्मत करवाने के लिए और यदि जर्जर हो चुके होंगे तो डिस्मेंटल के लिए बोलते हैं इसके बाद नए भवन की स्वीकृत कराकर नए भवनों का निर्माण करवाने के लिए पत्र लिखेंगे

## डिप्टी कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल किचन का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** जिला अस्पता परिसर स्थित एनआरसी वार्ड को बुधवार को होटल वाटिका पैलेस, नर्मदापुरम द्वारा एक वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. बबीता राठौर द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले, आरएमओ डॉ. संजय पुरोहित, अस्पताल प्रबंधक अलका इंदौरकर, रोशनी प्रजापति, होटल वाटिका के मैनेजर एवं स्टाफ सहित जिला अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। लोकार्पण उपरांत डॉ. बबीता राठौर ने अस्पताल की किचन का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण करते हुए भोजन चखा और संतोषजनक व्यवस्था पर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अस्पताल प्रशासन को दिए।



## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का पुलिस ने शिविर में किया निराकरण



**गंजबासौदा।** पुलिस द्वारा गुरुवार को शहर थाना परिसर में सीएम हेल्प लाइन शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा शिकायत निराकरण शिविर का आयोजन किया जिसमें सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायतों का निराकरण किया गया। बासौदा शहर एवं देहात क्षेत्र के कुल लगभग 35 फरियादी उपस्थित हुए। जिनकी शिकायत पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया जिसमें थाना बासौदा शहर से 5 शिकायतकर्ता एवं थाना देहात से एक शिकायत कर्ता द्वारा संतुष्टि पूर्वक शिकायत बंद की गई।

## जल गंगा संवर्धन अभियान: कूप व रिचार्ज शाफ्ट, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्य प्रारंभ



**नर्मदापुरम।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में अभियान के अंतर्गत पारंपरिक जल स्रोतों जैसे कुएं, तालाब, बावड़ियां, नहरें एवं नदियों के संरक्षण व पुनरुद्धार के लिए कार्य किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की स्थायित्वपूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत नर्मदापुरम की ग्राम पंचायत चिल्लाई में कूप रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है, जिससे क्षेत्र के कुओं में जल स्तर को बनाए रखने में सहायता मिलेगी। यह पिट अंत:स्त्रावी स्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु तैयार किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का संग्रहण सीधे भूमिगत जल भंडारण में किया जा सके। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पांजरा कला में डगवेल रिचार्ज शाफ्ट निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र पांजरा कला में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना की जा रही है, जिससे वर्षा जल का संग्रहण कर जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता लाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर रैलियों का आयोजन भी किया गया। ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा पक्षियों के लिए वृक्षों पर पानी के सकोरे (पात्र) भी बांधे गए।

## एसडीईआरएफ ने सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को दिया प्रशिक्षण



**नर्मदापुरम।** वर्तमान समय में देश की बदलती आंतरिक एवं बाह्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सशक्त बनाने हेतु नर्मदापुरम स्थित होमगार्ड लाइन में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। आयोजन कलेक्टर सोनिया मीना एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें 50 सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का नेतृत्व स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीईआरएफ) टीम के प्रभारी श्रीमति अमृता दीक्षित द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, नागरिक सुरक्षा उपायों, हवाई हमले के उपरांत राहत एवं बचाव कार्यों तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया। जिला सेनानी राजेश जैन एवं सेवानिवृत्त प्लाटून कमांडर राधा चरण शर्मा ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम वॉलंटियर्स को न केवल सजग एवं आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि उन्हें समाज सेवा के लिए एक सशक्त माध्यम भी प्रदान करते हैं।

## भक्ति में पाखंड और अहंकार का कोई स्थान नहीं है : शास्त्री

**गंजबासौदा , दोपहर मेट्रो**

श्री गंज हनुमान मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को विश्व विख्यात कथा व्यास श्रीकृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज ने भक्ति में पाखंड और दंभ पर प्रहार किया। ठाकुर जी ने कहा कि भक्ति में पाखंड और दंभ अहंकार का कोई स्थान नहीं है। अपनी भक्ति पर कोई अहंकार करता है अथवा पाखंड करता है तो यह ठीक उसी प्रकार का कृत्य होगा जैसे कालकूट बिष से भरे कालिया नाग ने भक्ति महारानी यमुना जी में आश्रय ले रखा था। श्रीकृष्ण ज्यादा समय तक दंभ अहंकार और पाखंड को भक्ति के साथ रहने नहीं देते। उसका नाश कर देते हैं और भक्ति को निर्मल कर देते हैं। जैसे यमुना जी के आश्रय में रहने वाले कालिया नाग का वध करके भक्ति रूपी यमुना जी को विषमुक्त कर निर्मल कर दिया था। कथा में पूतना वध की लीला का वर्णन करते करते हुए व्यास जी ने कहा कि श्री कृष्ण अपने भक्तों को मुक्ति प्रदान करते हैं। पूतना कंस के कहने पर बाल कृष्ण भगवान का वध



करने आई थी परंतु भगवान ने उसका वध करके भी उसको गौ लोक का वास दिया था क्योंकि पूतना पूर्व जन्म में राजा बलि की पुत्री कृतमाला थी। जब कृतमाला ने भगवान नारायण को वामन रूप में देखा तो उसके मन में वामन भगवान के लिए मन में मातृ भाव जाग उठा और कामना कि की मुझे भी ऐसा पुत्र जन्म ले तो मैं भी उसको माता के रूप में दुग्ध पान कराऊं। कृतमाला ने जब राक्षसी पूतना के रूप में जन्म लिया तब भगवान बाल कृष्ण ने पूतना का स्तन पान कर उसके कई जन्मों पूर्व की उसकी इच्छा पूर्ण की और अपनी इच्छा पूर्ण होते ही पूतना जन्म मरण से मुक्त होकर गौ लोक को सिधार गई।

### खेती में अच्छी उपज के लिए पोषक तत्वों की दी जरूरी जानकारी

## जागरूक किसान, अपनाए मृदा स्वास्थ्य कार्ड

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नर्मदापुरम ने बताया कि खेत की मिट्टी और लगाई गई फसल की आवश्यकता अनुसार, सही समय पर, सही मात्रा में, सही विधि से खेत में डाला गया खाद एवं उर्वरक ही संतुलित उर्वरक प्रबंधन है।

अपनी कृषि भूमि की सेहत, गुण-दोष, फसल की आवश्यकता और संतुलित उर्वरक प्रबंधन के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होने के चलते, किसान भाई आमतौर पर नाईट्रोजन धारी उर्वरकों का अत्याधिक मात्रा में प्रयोग करते है, जो न सिर्फ कृषि उपज की गुणवत्ता के लिए खतरनाक है बल्कि मिट्टी की उत्पादकता, संरचना, सेहत एवं उर्वरा शक्ति को हानि पहुँचाते हैं साथ ही इससे भूमिगत जल में जहरीली नाईट्रेट की मात्रा भी बढ़ जाती है, जिससे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। फसलीय पौधों के सही विकास के लिए आवश्यक रूप से 17 पोषक तत्वों का संतुलित सटीक पोषक तत्त्व प्रबंधन अपनाकर इन समस्याओं से बचा जा सकता है। खेत की मिट्टी की जांच कराकर, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रबंधन किया जा सकता है।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में स्वस्थ धरा-खेत हरा का नारा के साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना (स्वाईल हेल्थ कार्ड स्कीम) चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य खाद एवं उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग से खेत की मिट्टी में उपस्थित पोषक तत्वों में होने वाली कमी को दूर करना है। इस योजना से किसानों के खेत से मिट्टी प्राप्त कर, प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है तथा किसानों को अनुशंसा सहित मृदा स्वास्थ्य कार्ड निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

इन कार्ड की सहायता से किसान भाई अपने खेत की मिट्टी के बेहतर स्वास्थ्य और उर्वरक में सुधार के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का उचित मात्रा में उपयोग करने के साथ ही मिट्टी की पोषक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मिट्टी की जांच से ही पता चलता है कि खेत की मिट्टी में कौन सा पोषक तत्व अधिक या कम मात्रा में है। अगर आप मिट्टी की जांच कराए बिना उसमें उर्वरक डालते हैं तो संभावना है कि खेत में मिट्टी और फसल की जरूरत से अधिक या कम असंतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरक डाल दिया गया हो। यदि ऐसा होता है तो आवश्यकता से कम उर्वरक डालने पर कम उपज मिलेगी और आवश्यकता से अधिक उर्वरक डालने पर खेत की भूमि खराब होने की संभावना ज्यादा रहती है साथ ही उर्वरक का गलत उपयोग होगा जिससे पैसा भी बेकार जाएगा।

यदि किसान भाईयों को अपने खेत की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्त्वों की जानकारी रहती है तो उन्हें मिट्टी के गुणों को समझकर, उपयुक्त फसलों का चयन करने में आसानी होती है, अच्छी खेती करते हैं एवं ज्यादा मुनाफा प्राप्त करते हैं। अगर खेती में लंबे समय तक बढ़िया उत्पादन की उम्मीद रखते हैं तो मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिशों के आधार पर खेत की मिट्टी की परिस्थिति, खेत की जरूरत के अनुसार उनमें जिन पोषक तत्वों की कमी है उन पोषक तत्वों को उपलब्ध करवाएं।

## सिविल डिफेन्स वॉलेंटियर्स एवं कोटवारों को नागरिक सुरक्षा का व्यापक प्रशिक्षण



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

जिला प्रशासन नर्मदापुरम एवं सिविल डिफेन्स संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरूवार को नागरिक सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित होमगार्ड लाइन प्रशिक्षण केंद्र पर 50 सिविल डिफेन्स वॉलेंटियर्स, तथा तहसील माखननगर के नगरपालिका भवन में 70 वॉलेंटियर्स, कुल मिलाकर 120 स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा का सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही अनुभाग सोहागपुर के 60 कोटवारों को भी इस प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया।

प्रशिक्षण कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में SDERF (State Disaster Emergency Response Force) के प्रभारी अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ शिवराज चौधरी एवं उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में वॉलेंटियर्स एवं कोटवारों को निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई- हवाई हमलों के दौरान सुरक्षा उपाय, प्राथमिक उपचार (First Aid) की मूलभूत विधियाँ, अग्निशमन प्रक्रिया एवं आपदा के समय सुरक्षित निकासी, हवाई हमलों के दौरान सावधानियाँ, ब्लैकआउट एवं सामूहिक राहत और बचाव प्रबंधन।

**मेट्रो एंकर** शासकीय विधि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न : प्रस्तावित एजेंडा पर की गई समिति सदस्यों द्वारा चर्चा

# विकास कार्यों व शैक्षणिक सुधारों एवं छात्र सुविधाओं के प्रस्तावों पर दी गई सहमति

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

शासकीय विधी महाविद्यालय, नर्मदापुरम की जनभागीदारी समिति की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय के विकास एवं आवश्यक सुधारों पर महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, विकास नारोलिया, विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कल्पना भारद्वाज, डॉ अभिषेक सिंह सहित जनभागीदारी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान महाविद्यालय में किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों एवं आवश्यक मरम्मत कार्यों को संपादित करने हेतु विचार-विमर्श किया गया। प्रमुख बिंदुओं में महाविद्यालय की बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल की एलएलबी सत्र 2026-27 पाठ्यक्रम की संबद्धता शुल्क के लिए प्रस्ताव, साथ ही एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए बीसीआई नई दिल्ली की संबद्धता शुल्क जमा करने के लिए प्रस्ताव पर समिति सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने ईई पीआईयू को निर्देशित किया कि



विधि महाविद्यालय के लिए नवीन भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर महाविद्यालय को हैंडोवर किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जन भागीदारी समिति द्वारा महाविद्यालय के नवीन भवन में इंटरनेट कनेक्शन, स्टेशनरी प्रिंटिंग, महाविद्यालय नवीन भवन ग्राम बुधवाडा में शिफ्टिंग के लिए, सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट्स गतिविधियों के प्रस्तावों को भी एकरूप सहमति प्रदान की गई।

इसके अलावा नवीन महाविद्यालय भवन में पौधारोपण, सेमिनार, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस, ऑनलाइन डाटाबेस सॉफ्टवेयर क्रय, वाटर कूलर एवं वॉटर प्यूरीफायर, सीसीटीवी कैमरा, जैसी आवश्यक सुविधाओं के लिए भी समिति सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई। बैठक के दौरान एनएसएस कैंप आयोजित किए जाने के लिए स्थान चयन पर भी विस्तृत चर्चा हुई जिस पर समिति सदस्यों द्वारा स्थान के नाम सुझाए गए। बैठक के दौरान महाविद्यालय में एलएलएम पाठ्यक्रम चालू किए जाने के लिए प्रस्ताव प्रेषित किए जाने पर भी समिति सदस्यों ने पाठ्यक्रम की उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए सहमति प्रदान की।

इस दौरान राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक नर्मदापुरम डॉक्टर सीता सरन शर्मा तथा कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने विधि छात्रों से चर्चा भी की। सांसद श्रीमती नारोलिया ने बच्चो से कहा कि जिस शैक्षणिक पाठ्य समूह के लिए आप सभी पढ़ाई कर रहे है वह हमारे देश के चार स्तंभों में से एक है। आप सभी खूब मन लगा कर पढ़े। विधायक डॉ शर्मा ने छात्रों से संवाद के दौरान कहा कि जिला मुख्यालय पर विधि पाठ्यक्रम के लिए महाविद्यालय होने से इच्छुक विद्यार्थियों को अब जिले से बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा तथा जिला मुख्यालय पर ही उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो जाएगी।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए समिति द्वारा हर आवश्यक सुविधाओं को स्वीकृति दी गई है। प्रशासन स्तर से सदैव यह कोशिश रहती है कि विद्यार्थियों को समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। आप सभी को जो भी व्यवस्थाएं प्राप्त हुई है तथा भविष्य में भी जो व्यवस्थाएं प्राप्त होने वाली हैं उसका पूरा फायदा उठाएं। आप सभी जिस क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं आगे चलकर आप सभी बड़े-बड़े फैसला लेंगे जिनसे देश और समाज का परिदृश्य बदल जाएगा।

## हेल्प एंड केयर अस्पताल के एक्स-रे और सीटी स्कैन कमरों को किया सील

**सिरोंज।** नगर में संचालित हो रहे हेल्प एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल लिंक रोड की जांच करने के लिए नायाब तहसीलदार ललित सक्सेना एवं बीएमओ विकास बघेल पहुंचे इन्होंने अस्पताल में स्थापित एक्स-रे यूनिट में टेक्नीशियन पात्रतानुसार नहीं मिलने के कारण सील किया गया साथ ही हॉस्पिटल में सीटी स्कैन मशीन भी मिला उसको चलाने वाले मौजूद नहीं थे किसके संबंध में संचालक से जांच अधिकारियों ने बैध दस्तावेज दिखाने के लिए बोल गया गया तो वहां नहीं दिखा सका इसलिए सील इस कक्षा को भी सील किया गया। बीएमओ डॉ विकास बघेल ने बताया कि दोनों मशीनों को संचालन करने वाले नहीं मिले इसके बाद दोनों कक्षों को सील कर दिया है सात दिवस में दस्तावेज मांगे हैं इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी कुछ दिन पहले डिलीवरी करने को लेकर लापरवाही की शिकायत कृष्ण चंद्र पटेल के द्वारा की गई है। इसके बाद प्रशासन कार्रवाई करने के लिए यहां पर पहुंचा है ऐसी बात भी सामने आ रही है बच्चा-बच्चा की मौत का मामला है।



## आईटीआई में पंजीयन की जानकारी व सहायता के लिए हेलपडेस्क की स्थापना

**सिरोंज।** विदिशा शासकीय आईटीआई विदिशा में सत्र 2025 हेतु प्रवेश पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। आवेदकों को करियर मार्गदर्शन, ट्रेड एवं पंजीयन की जानकारी एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु संस्था में हेलपडेस्क की स्थापना की गई है। आज गुरुवार को संस्था के इंडस्ट्री पार्टनर - देवांशी इंडस्ट्रीज विदिशा के श्री देवेन्द्र किरार एवं श्री पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर द्वारा संस्था में स्थापित हेल्पडेस्क का विजिट किया एवं उपस्थित आवेदकों को मार्गदर्शन एवं करियर संबंधी आवश्यक जानकारियां प्रदान की। संस्था की ओर से प्राचार्य श्री एपी श्रीवास्तव द्वारा आवेदकों को काउंसलिंग प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक आवेदक विभाग की वेबसाईट https://mpiticounseling.co.in/ पर जाकर अथवा क्यू आर कोड स्कैन कर प्रवेश हेतु पंजीयन करा सकते हैं।

## रक्तदान महादान : रक्तदान व विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सिरोंज।** विदिशा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में गत दिवस रक्तदान एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में किया गया था। शिविर के विधिवत् शुभांरभ अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री जीसी शर्मा, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री पीडी यादव के अलावा न्यायाधीशगण व अभिभाषकगण और न्यायालयीन कर्मचारी मौजूद रहें। विधिक जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जाकिर हुसैन ने कहा कि रक्तदान करना सबसे पड़ा पुण्य कार्य है इससे बडा कोई दान नहीं है। रक्तदान करने से शारीरिक कई फायदे होते है उन्होंने सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को अन्य न्यायाधीशगणो ने भी सम्बोधित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि रक्तदान एवं विधिक जागरूकता शिविर में आगंतुको को रक्तदान की महत्वता के साथ-साथ विधिक जागरूकता के संदेशो से अवगत कराया गया है।



## इमलीडोल में बाल विवाह की सूचना पर महिला बाल विकास की टीम ने किया निरीक्षण

**तेन्दूखेड़ा।** बाल विवाह हेल्पलाईन पर प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 14मई2025 दिन बुधवार को ग्राम इमलीडोल के नयागांव टोला में बाल विवाह कारित होने की सूचना प्राप्त हुई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कैलाश राय के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास की टीम में पर्यवेक्षक नंदराम अहिरवार एवं श्रीमति विमला ठाकुर पुलिस बल के साथ ग्राम इमलीडोल में संबंधित घर में जाकर संपर्क किया। महिला बाल विकास की टीम द्वारा स्थल पर जाकर बालिका के शैक्षणिक दस्तावेज चेक किए। बालिका की कक्षा 8वीं की अंकसूची में जन्मतिथि की जांच किए जाने पर बालिका की उम्र 18 वर्ष 11 माह पाई गई। जिसके आधार पर टीम द्वारा बालिका को पूर्ण बालिग होना पाया गया। ततपश्चात उक्त संबंध में की गई शिकायत निराधार पाए जाने पर टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर कार्यवाही पूर्ण की गई। विदित है कि बाल विवाह रोकथाम के लिए कलेक्टर महोदय दमोह द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006, की धारा 9, 10, 11, एवं 13 बाल विवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, संगठन के लिये दो वर्ष तक कारावास अथवा एक लाख रूपए का जुर्माना या दोनों का प्रावधान हैं। अतएव समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि बालिका की आयु 18 वर्ष एवं बालक की आयु 21 वर्ष पूर्ण होने के पूर्ण उनका विवाह न करें।



## वक्फ जमीन, दुकानदारों, बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की मांग

**सिरोंज।** जामा मस्जिद के वक़्फ़ कमेटी के अध्यक्ष वसीम ने आवेदन मध्य प्रदेश वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त डॉक्टर सनव्वर पटेल को दिया जिसमें उन्होंने मांग करते हुए कहा कि नगर की जामा मस्जिद की कृषि भूमि ग्राम हबीब गंज, ग्राम झाबे, ग्राम शाइस्ताबाद, ग्राम एचनवाड़ा, ग्राम बरखेड़ी, ग्राम अहीर खेड़ी, तहसील में है इन जमीनों पर कई वर्षों से इन्हीं गांवों के लोग काबिज हे जिसमें से कुछ तो जमीन की तोजी जमा करते हैं । दूसरी ओर अधिकतर लोग लग्न भी जमा नहीं कर रहे हे कमेटी द्वारा बुलाने पर आते भी नहीं हे इन लोगों पर मस्जिद का लाखों रुपए बकाया है। दुकानों पर भी कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया है यह लोग कई सालों किराया भी नहीं दे रहें हैं सभी बकायदारों के नाम सार्वजनिक करने की अनुमति अध्यक्ष से मांगी है ।

### कलेक्टर ने जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश

# उद्योग स्थापित करने में कोई दिक्कत न हो इस बात विशेष ध्यान रखा जाए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति, लघु उद्योग संवर्धन की बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई थी।

उक्त बैठक में नवीन औद्योगिक क्षेत्र हेतु भूमि चिन्हित किये जाने,ओडीओपी इकाईयों, केमीकल इकाईयों, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास एवं समस्याओं तथा जल गंगा संवर्धन अभियान औरआपदा प्रबंधन के संबंध में औद्योगिक इकाईयों की तैयारियों के संबंध में चर्चा कर निर्णय हेतु आहूत इस बैठक में जिले के औघोगिक यूनिट संचालक और समिति के सदस्यगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एके श्रीवास्तव ने विदिशा जिले की औद्योगिक परिदृश्य को रेखांकित करते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की जानकारियां सांझा की। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र पीतल मील 12.14 हेक्टेयर क्षेत्रफल में है। कुल 86 भूखण्ड है और सभी के सभी भूखण्ड आवंटित किए गए है यहां कुल 78 इकाईयां स्थापित है। बिजली निवेश 23.35 करोड़ रूपए है। औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संख्या 556 है।



### रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

विदिशा कलेक्टर एवं स्थानीय जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने पंचायतो के फोटोयुक्त मतदाता सूची पुर्नरीक्षण 2025 के कार्यो को समयावधि में पूर्ण कराने के लिए रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ-साथ अपील प्राधिकरी नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा जारी आदेश के अनुसार विदिशा जिला अंतर्गत 31 मार्च 2025 की स्थिति में विभिन्न पंचायतो में रिक्त पंच-सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए पंचायतो में फोटोयुक्त मतदाता सूची एक जनवरी 2025 की स्थिति में पुर्नरीक्षण कार्यवाही आयोग के दिशा निर्देशानुसार समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें के निर्देश प्रसारित किए गए है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंचायतो की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुर्नरीक्षण कार्यो की प्राप्त शिकायतो के निराकरण हेतु अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर को नियुक्त किया है जबकि विदिशा, ग्यारसपुर, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज और लटेरी सहित पूर्व उल्लेखित समस्त राजस्व अनुविभाग क्षेत्रो के संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वहीं क्षेत्र के तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

### मेरिट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी सम्मानित हुए



विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2025 की प्रदेश व जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने विद्यार्थियों का हौंसला अफजाई किया और जिले व परिवार का नाम रौशन करने पर उन सबको बधाई शुभकामनाएं अभिव्यक्त की है। सम्मान समारोह की शुरूआत में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा परीक्षा परिणामो के पालन प्रतिवेदन का वाचन किया गया। गौरतलब हो कि हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के सात छात्रो द्वारा स्थान हासिल किया गया है वहीं जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में 25 छात्रो और उत्कृष्ट प्रदर्शन अर्थात शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले गुरूजनो को भी कलेक्टर ने सम्मानित किया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों के अभिभावक, शिक्षकगण और परिजन मौजूद रहे।

औद्योगिक क्षेत्र कंजना बासौदा का क्षेत्रफल 52.03 हेक्टेयर है जिसमें से 37.15 हेक्टेयर आवंटन योग्य भूमि भू-खण्ड में 190 शेड बनाए गए है जिसमें से 176 भूखण्डो एवं शेडो का आवंटन किया जा चुका है यहां कुल 59 इकाईयां स्थापित की जानी है जिसमें से कार्यरत इकाईयों की संख्या 54 है पूंजी निवेश 45.12 करोड और उपलब्ध रोजगार 355 है जबकि औद्योगिक क्षेत्र जम्बार बागरी का क्षेत्रफल 84.31 हेक्टेयर है आवंटन योग्य भूमि भू-खण्ड की संख्या 165 में से आवंटित भूखण्डो की संख्या 76 है। यहां कुल 31 इकाईयां स्थापित की जानी है जिसमें से 18 इकाईयां कार्यरत है।

उक्त बैठक में औद्योगिक संभावनाएं, औद्योगिक प्रयोजन हेतु उपलब्ध अविकसित भूमि के अंतर्गत नवीन औद्योगिक क्षेत्रो हेतु भूमि चिन्हित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई है।

बैठक में एक जिला एक उत्पाद इकाईयों के संबंध में गहन चर्चा कर निर्णय लिए गए है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र के विकास एवं समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण की पहल की गई है।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने औद्योगिक क्षेत्र विदिशा में पुलिस चैकी स्थापना के संबंध में सहमति व्यक्त की और औद्योगिक संस्थानो के संचालको को उद्योग स्थापना के क्षेत्र में दिक्कते ना हो का विशेष ध्यान शासन की औद्योगिक नीति के तहत कार्य संपादित कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने बिजली और पानी की आपूर्ति के लिए पृथक से कार्य शाला आयोजित करने के निर्देश संबंधितों को दिए है।

## एसडीईआरएफ ने पॉलीटेक्निक कॉलेज सिरोंज में आम नागरिकों को दिया नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

देश की बाह्य एवं आंतरिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में सिरोंज के पॉलीटेक्निक कॉलेज सिरोंज में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में एसडीईआरएफ (स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स) टीम द्वारा 125 आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन की सहायता करने के लिए आवश्यक तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

जिला सेनानी मयंक कुमार जैन एवं एएसआई लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा और एसडीईआरएफ टीम ने आपदा मित्रो को सीएसएसआर, एमएफआर, आपदा प्रबंधन, आग, प्राथमिक उपचार, हवाई हमले के बाद बचाव एवं राहत कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों को विपरीत परिस्थितियों में जागरूक एवं सक्षम बनाना रहा, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर समाज की सेवा में योगदान दे सकें। प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे ने बताया कि देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में हवाई हमलों के दौरान की जाने वाली कार्यवाही,आमजन की सहायता करने के संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस जानकारी से सिविल डिफेंस वालेंटियर्स देश सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।



### 4-4 वर्ष के दो बच्चे घर से हुए लापता

तेंदूखेड़ा। पाठादो पंचायत के तहत ग्राम बघा से अचानक दो बच्चे घर से गायब हो गए है। परिजनो के पता करने के बाद जब कहीं पता नहीं चला तो परिजना ने तेंदूखेड़ा थाने में गुमइंसान दर्ज कराया गया है। ज्ञात हो कि बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे नमन पिता मिलन गौड़ उम्र 4 वर्ष निवासी बघा थाना तेंदुखेड़ा जिला दमोह एवं देवांश पिता किशन गौड़ उम्र 4 वर्ष निवासी बघा थाना तेंदूखेड़ा जिला दमोह दोनो अचानक घर से कहीं चले गए। दोनो ही बच्चे एक ही परिवार के है भाई भाई के लडके है। तेंदूखेड़ा पुलिस ने गुमइंसान की कायमी कर तलाश में जुट गई है। साथ ही तेंदूखेड़ा पुलिस ने मो.नंबर. 7725818725 जारी कर लोगो से अपील की है कि अगर कहीं बच्चे दिखाई दे तो तत्काल सूचना करे।



## थाना मुरवास पुलिस ने नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



फरियादी मुरात खां ने दिनांक 05.05.2025 को थाना उपस्थित आकर अपनी नाबालिग भतीजी की गुम सुदा की रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी जिस पर से थाना मुरवास में अपराध क्रमांक 61/25 धारा 137(2) ब्हस्का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था उक्त अपराध की गंभीरता को देखते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत रोहित काशवानी पुलिस अधीक्षक विदिशा के निर्देशन में, डॉ. प्रशांत चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं अजय मिश्रा एसडीओ(पी) लटेरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी मुरवास राजेश मिश्रा द्वारा गठित टीम को उक्त बालिका की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित टीम को साइबर सेल से प्राप्त लोकेशन के आधार पर अपराध की अपहर्ता एवं संदेही की तलाश हेतु मैंचरियल तेलंगाना रवाना किया गया जहां टीम द्वारा तीन दिन तक तलाश की गई एवं दिनांक 12.05.25 को मुखबिर सूचना पर टीम को सारंगपुर जिला शाजापुर भेजा गया टीम की तत्परता से उक्त अपराध की गुमशुदा को सारंगपुर जिला शाजापुर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया एवं अपहरण कर्ता सोहिल खान एवं सहयोगी रमजानी को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हे न्यायालय पेश किया जावेगा ।

उक्त अपहर्ता की पतारसी में उनि राजेश मिश्रा (थाना प्रभारी मुरवास), उनि गौरव रघुवंशी (प्रभारी सायबर शाखा), उनि गोसिया सुल्तान, सउनि रामनरेश शर्मा, आर.941 प्रिन्स देवलिया, आर.852 सुल्तान सिह, आर.853 नीतेश छारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

**मेट्रो एंकर** बस ऑपरेटर स्टैंड कंडक्टरों की बैठक लेकर दिए एसडीओपी ने दिए निर्देश नियमों का करे पालन

# 16 वाहनों की जांच कर चालानी कार्रवाई करते हुए 7600 वसूले

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

यातायात विभाग के नियमों का पालन वाहन चालक करें इसको लेकर गुरुवार को थाने में एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी पंकज गीते ,यातायात प्रभारी रितेश बघेला ने बस कंडक्टरों स्टैंड कंडक्टरों संगठन की बैठक लेते हुए कहां की वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। इसलिए सभी वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन करें सभी दस्तावेज फिटनेस से लेकर इमरजेंसी दरवाजे को चालू रखें अग्निशमन यंत्र फास्टेस्ट बॉक्स आदि भी बसों और वाहनों में आवश्यक रूप से रखें जो भी नियम का पालन नहीं करेगा उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा दोबारा से अनदेखी पाए जाने पर लाइसेंस, परमिट निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी अक्सर देखने में मिलता है कि यात्री बसों मे बचाव की सामग्री नहीं होती है कई वाहनों इमरजेंसी गेट नहीं खुलते हैं परमिट भी नहीं होता है बीमा भी नहीं होता है अन्य दस्तावेज भी नहीं रहते हैं इसके बाद भी वाहन दौड़ते रहते हैं चेकिंग में इनकी पोल खुलती है। चेकिंग में एक बस का इमरजेंसी गेट नहीं खुला जिसको बड़ी मुश्किल से खोला गया ऐसे हालात अन्य बहनों में भी देखने को मिलते हैं कभी घटना होती है तो यह खुलते ही नहीं है बिना जांच के ही फिटनेस बन जाता ही बुधवार को शक्ति बस की जब जांच की तो यातायात प्रभारी ने पाया कि उसका इमरजेंसी गेट खुला ही नहीं रहा था इसके बाद चालानी कार्रवाई की। यातायात पुलिस के द्वारा नियमों का पालन नहीं करने पर 16 वाहन चालकों से 7600 जुर्माना भी वसूला गया साथ ही इनको दस्तावेज तथा नियमों के पालन करने की हिदायत दी। दूसरी और बैठक में मौजूद बस कंडक्टर स्टैंड कंडक्टरों ने कहा कि हम सभी नियमों का पालन करेंगे जिनके पास जो दस्तावेज नहीं होंगे उनको जल्दी ही बनवाकर फिटनेस आदि के साथ सभी सामग्री यात्री बसों में मिलेगी इसके लिए हम लोग तैयार हैं इसके बाद भी कमी मिलने पर पुलिस चालानी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है उसका सहयोग करेंगे।



### नियमों का पालन नहीं करते

स्कूल वाहनों से लेकर ट्रक बसों में भी खुलेआम नियमों की अनदेखी की जाती है। इसके कारण कई बार हास्य होने पर बड़ी घटना हो जाती है उनको रोकने के लिए नियम लागू किए जाते हैं परमिट लेते समय नियम पालन करने का वादा करते हैं पर लेने के बाद भूल जाते हैं। ज्यादातर ऑटो बस चालक चालकों की लापरवाही देखने को मिलती है कई ऑटो बिना फिटनेस दस्तावेज बीमा के साथ क्षमता से अधिक बच्चों को बिठलाते हैं यही हाल यात्री बसों में होता है ट्रक वाले ओवरलोडिंग करते हैं। साथी फिटनेस के नाम पर खाना पूर्ति होती है कुछ तो बिना परमिट आदि के भी दौड़ते रहते हैं जिनकी पोल कुछ वर्षो पहले खुल चुकी है। वहीं यातायात पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया इसके चलते कई वाहन चालकों की मुश्किलों बढ़ गई है यह ग्रामीण क्षेत्र के इलाकों से अपने वाहनों को ले जाते हुए नजर आ रहा है कुछ यात्री बसें भी खड़ी हो गई है। यातायात पुलिस कड़ाई से नियमों की जांच कर रही है। वहीं अधिकांश बसों के इमरजेंसी गेट बंद पड़े हुए हैं इनके अंदर फास्टेड बॉक्स नहीं मिलेंगे अग्निशमन यंत्र नहीं मिलेगा किराया सूची भी नहीं लगी है ड्रेस कोड में वाहन चालक नहीं रहते हैं जबकि इनका पालन इन सभी को करना चाहिए शासन दिशा निर्देशों में इनका पालन अनिवार्य रूप से करना है।

यातायात सूबेदार रितेश वाघेला ने बताया कि अभियान में नियमों के उल्लंघन कर रहे स्कूली एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध एक विशेष चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है, साथ ही थाने पर बैठक की गई रखी उसमें मुख्य बिंदु के बारे में बताया कि वाहन रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, फिटनेस, पीयूसी, वीएलटीडी अग्निशमन यंत्र इमर्जेंसी विंडो। प्राथमिक चिकित्सा किट ओवरलोड नहीं होनी चाहिए जो भी नियमों का पालन नहीं करेगा उन पर चालानी कार्रवाई करेंगे ।

विशेष अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस, द्वारा स्कूली एवं यात्री वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान दस्तावेजों में अनियमितता, सुरक्षा उपकरणों की कमी तथा ओवरलोडिंग जैसी गंभीर कमियाँ पाई गईं। कुल 16 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिनमें बसें भी शामिल थीं। उक्त कार्रवाई के तहत कुल 7600/- का शमन शुल्क वसूलते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

भारतीयों का मिलेगा भरपूर समर्थन

# डायमंड लीग के दोहा चरण से अभियान का आगाज करेंगे चोपड़ा

दोहा, एजेंसी।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अपने डायमंड लीग अभियान की शुरूआत आज शुक्रवार को करेंगे तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा। उनका सामना दो बार के विश्व चैंपियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा। ये सभी बड़ी



स्पधाओं में चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के ही किशोर जेना भी 11 प्रतियोगियों में से हैं। जेना का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 87.54 मीटर है जो पिछली बार यहां 76.31 मीटर का थ्रो लगाकर नौवे स्थान पर रहे थे। वाडलेश ने यहां 88.38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता था जबकि चोपड़ा दो सेंटीमीटर पीछे रहे थे। पीटर्स 86.62 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने सबसे पहले 2018 में यहां डायमंड लीग में भाग लिया था और चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 2023 में यहां खिताब जीता और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे। विश्व रिकॉर्डधारी कई बार के ओलंपिक चैंपियन चेक गणराज्य के जान जेलेंजी से कोचिंग ले रहे चोपड़ा ने कहा, ह्यकतर में भारतीयों से मिलने वाले समर्थन से मैं हमेशा अभिभूत रहता हूं। मेरे पास उनका धन्यवाद करने के लिये शब्द नहीं हैं। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर है और वह इस बार 90 मीटर की बाधा पार करना चाहते हैं। जेलेंजी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 98.48 मीटर रहा है। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह और पारूल चौधरी क्रमशः पुरूष और महिलाओं की 5000 और 3000 मीटर

## अरशद नदीम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे

स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनकी और अरशद नदीम की कभी भी करीबी दोस्ती नहीं थी और साथ ही कहा कि हाल में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन ने चोपड़ा से यहां डायमंड लीग की पूर्व संध्या पर नदीम के साथ दोस्ती के बारे में पूछे जाने पर स्पष्ट जवाब दिया। चोपड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा, सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरा (नदीम के साथ) बहुत मजबूत रिश्ता नहीं है। हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। लेकिन इस वजह (भारत-पाक सीमा पर तनाव) से अब हमारे बीच बातचीत पहले जैसी नहीं होगी। पर अगर कोई मुझसे सम्मान से बात करता है तो मैं भी सम्मान से ही बात करता हूं। उन्होने कहा, बतौर खिलाड़ी हमें बातचीत करनी होगी। दुनिया भर में खेल समुदाय में मेरे कुछ अच्छे दोस्त हैं जो सिर्फ भाला फेंक में ही नहीं हैं बल्कि अन्य खेलों में भी हैं। अगर कोई मुझसे सम्मानपूर्वक बात करता है तो मैं भी उससे पूरे सम्मान के साथ बात करूंगा। हरियाणा के स्टार ने कहा, भाला फेंक में बहुत छोटा समुदाय है और हर कोई अपने देश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है।




ला लीगा : रियल मैड्रिड ने मायोर्का को 2-1 से हराया

# एमबाप्पे -रैमॉन ने एक-एक गोल किया टल गया बार्सिलोना का खिताबी जश्न

मैड्रिड, एजेंसी

स्पेनिश लीग ला लीगा में खेले गए मैच में रियल मैड्रिड ने मायोर्का को इंजरी टाइम में गोल कर 2-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए किलियन एमबाप्पे और जैकोबो रैमॉन ने एक-एक गोल किया। बार्सिलोना को खिताब के लिए करना पड़ेगा इंतजार इसके साथ ही बार्सिलोना को अपने 28वां लीग खिताब के लिए इंतजार करना पड़ेगा। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट अर्जित करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 35 मैच के बाद 82 पॉइंट है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है। स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो-दो मैच



खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं। बार्सिलोना को 3 मैच खेलने हैं और एक भी जीतने के बाद वह खिताब जीत जाएगी। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली रियल मैड्रिड के दो मैच बाकी है, और दोनों जीतने के बाद भी खिताब हासिल करना मुश्किल है।

**किलियन एमबाप्पे ने 68वें मिनट में गोल कर टीम को 1-1 की बराबरी पर लाया-** हाफ टाइम में मायोर्का ने 1-0 से आगे मायोर्का ने हाफ टाइम में रियल मैड्रिड से 1-0 से आगे रहा। मायोर्का की तरफ से 11 वें मिनट में मार्टिन वाल्जेंट ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने कोई और गोल नहीं किए। मबाप्पे ने गोल कर टीम को बराबरी पर लाया मैच के 68वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लीग में उनका यह 28वां गोल था। वह लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे तीन गोल पीछे बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की हैं। इनके 25 गोल हैं।

### रैमॉन ने इंजरी टाइम में विजयी गोल दागा

ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना का खिताब तय हो गया, पर इंजरी टाइम में रियल मैड्रिड की ओर से जैकोबो रैमॉन ने गोल कर स्कोर को स्कोर 2-1 कर दिया और टीम को जीत दिला दी। इसके साथ ही बार्सिलोना को खिताब जश्न मनाने के लिए रोक दिया। उन्हें अपने अगले मैच तक इंतजार करना पड़ेगा। बार्सिलोना का मैच गुरुवार को एस्पेनयोल के साथ है। जीत के साथ ही वह खिताब भी जीत लेगी।

## इटालियन ओपन सबालेंका को हराकर झेंग सेमीफाइनल में



रोम, एजेंसी

चीन की ओलंपिक चैम्पियन झेंग किंवेन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गाफ से होगा। बाईस वर्ष की झेंग इससे पहले सबालेंका के खिलाफ छह मैच हार चुकी थी। पुरूष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने जैक ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जिसने गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6, 6-4 से हराया।

गाफ ने मिर्रा आंद्रीवा को 6-4, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जैसमीन पाओलिनी का सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा। बुधवार को ही शीर्ष रैंकिग वाले यानिक सिनेर ने नये पोप से मुलाकात करके उन्हें टेनिस रैकेट तोहफे में दिया और खेलने का न्यौता भी दिया। पहले अमेरिकी पोप लियो 14 टेनिस के प्रशंसक हैं।

मयंक यादव-जोस बटलर और फर्ग्यूसन बाहर

## पंजाब, गुजरात -लखनऊ को बचे हुए सत्र की शुरुआत से पहले झटका

नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद 17 मई से एक बार फिर आईपीएल का रोमांच शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सत्र के बाकी बचे मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बीच पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स को तगड़ा झटका लगा है। यही वजह है कि तीनों टीमों ने नए खिलाड़ियों का एलान किया है।

**पंजाब किंग्स-** पंजाब किंग्स के गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उनकी जगह फ्रेंचाइजी ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें दो करोड़ रुपये में टीम का हिस्सा बनाया गया है।

**गुजरात टाइटंस-** गुजरात टाइटंस को भी तगड़ा झटका लगा है। उनके स्टार बल्लेबाज



जोस बटलर 26 मई को स्वदेश लौट जाएंगे। इससे पहले वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 25 मई को होने वाले मैच में खेलते नजर आएंगे। उनकी जगह कुशल मेंडिस को टीम का हिस्सा बनाया गया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 75 लाख रुपये में शामिल किया है।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स-** लखनऊ सुपर जाएंट्स को भी करारा झटका लगा है। तेज गेंदबाज मयंक यादव एक बार फिर चोटिल हो गए हैं। उनकी जगह विलियम ओरुर्के को तीन करोड़ रुपये की कीमत पर टीम का हिस्सा बनाया गया है।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



## आलिया भट्ट को नेपो किड कहने वाले ट्रोलर्स को करण जौहर ने दिया करारा जवाब

बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर ने अपने करियर में कई स्टार किड्स को लॉन्च किया है। इस कड़ी में कई नाम शामिल हैं, जिनमें अभिनेत्री आलिया भट्ट का नाम भी आता है। अब करण ने नेपो किड को लेकर ट्रोलर्स को जवाब दिया है और इस पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।

फिल्म निर्माता करण जौहर हाल ही में गैलाटा प्लस के इंटरव्यू में पहुंचे। वहां उनसे पूछा गया कि धर्मा प्रोडक्शन की टैलेंट एजेंसी केवल स्टार किड्स से क्यों भरी हुई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए करण ने जवाब दिया, 'यह सच नहीं है। कृपया आएं और हमारी लिस्ट देखें। क्या आपने 'हाईवे', 'उड़ता पंजाब', 'राजी', 'गंगूबाई' देखी है? बस उनकी फिल्मोग्राफी देखें। अगर आप अभी भी उन्हें नेपो किड कह रहे हैं, तो आप इस ग्रह पर सबसे मूर्ख व्यक्ति हैं और कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता।' हालांकि, करण ने बिना नाम लिए आलिया भट्ट को नेपो किड कहने पर नाराजगी व्यक्त की। आगे बातचीत में करण जौहर ने कहा कि अगर स्टार किड को मौका देने पर उन्हें ट्रोल किया जाता है तो धन्यवाद। उन्होंने कहा कि क्या वह बॉलीवुड का नफरती चेहरा है? अगर हां, तो धन्यवाद, लेकिन वह यह डिजर्व नहीं करते। अगर करण जौहर के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस समय उनके ही प्रोडक्शन में ही बनी अक्षय कुमार की केसरी 2 रिलीज हुई है।

# बॉलीवुड में चल रही मंदी? एक्ट्रेस कल्कि बोलीं- लोगों को निकाला जा रहा है...



जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और ये जवानी है दीवानी जैसी शानदार फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं एक्ट्रेस कल्कि केकलां को हर कोई जानता है। उनका किरदार अदिति लोगों के बीच काफी पॉपुलर है। कल्कि बहुत कम फिल्मों का हिस्सा होती हैं, मगर वो सभी बड़े पर्दे पर दमदार साबित हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने बॉलीवुड से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। कल्कि ने पॉडकास्ट में बॉलीवुड से जुड़ी एक ऐसी बात का जिक्र किया है जिसके बारे में आम पब्लिक नहीं जानती है। एक्ट्रेस ने बताया कि इंडस्ट्री में मंदी का दौर चल रहा है, जिसके कारण सारे काम रुके पड़े हैं। छोटे एक्टर्स को काम नहीं मिल रहा है और पुराने लोगों को निकालकर, नए लोगों को हायर किया जा रहा है।

**शादी से पहले मां बनने पर ट्रोल हुईं एक्ट्रेस** – कल्कि ने कहा, बॉलीवुड में मंदी चल रही है। क्या सबको इसके बारे में पता है? तभी तो सभी लोग पुरानी सभी फिल्में री-रिलीज कर रहे हैं। कंटेंट ही नहीं है। जो कंटेंट बना रहे हैं, वो चल नहीं रहा है। सबकुछ रुक चुका है। ये बात सभी जानते हैं, लेकिन डरे हुए हैं। किसी को पता नहीं कि क्या चल रहा है, क्या नहीं चल रहा है। कुछ पता नहीं चल रहा है, जिसके कारण सबकुछ रुका हुआ है।

### लोगों को निकालकर, नए लोग हो रहे हायर

कल्कि ने आगे ये भी कहा कि बॉलीवुड में इस समय हर कोई परेशानी से जूझ रहा है, फिर चाहे वो एक छोटा आदमी हो या कोई बड़ा प्रोड्यूसर। वो पुराने लोगों को निकालकर, नए लोगों की भर्ती कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा, क्रिएटिव टीम्स को निकाल दिया है, उनकी जगह नए लोगों को हायर कर रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं कि क्यों कुछ कंटेंट नहीं चल रहा। मुझे नहीं लगता है कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा कि इंडस्ट्री में इस तरह की कोई परेशानी चल रही है। ये परेशानी ऊपर से लेकर नीचे हर डिपार्टमेंट के साथ है। मैंने सभी से बात की है, करीब 7 फिल्में और करोडों रुपये मार्केट में फंसे हैं क्योंकि उन्हें फिल्म रिलीज करने के लिए एक प्लेटफॉर्म नहीं मिल रहा है। जो छोटे एक्टर्स हैं वो कह रहे हैं कि हमारे पास 2 साल से काम नहीं है। अब कुछ बड़े एक्टर्स के पास भी अच्छा काम नहीं है। कल्कि ने आगे बॉलीवुड में आई इस मंदी का कारण ऑडियंस के घटते ध्यान को भी बताया। उनका मानना है कि आज के समय में ऑडियंस एक पूरी फिल्म के दौरान बैठ नहीं पाती है। वो बीच-बीच में अपना फोन चलाते नजर आते हैं, जो फिल्मों की घटती पॉपुलैरिटी का एक और कारण हो सकता है।



मेट्रो बाजार

## वोडाफोन और आइडिया ने सुप्रीम कोर्ट में राहत मांगी

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया ने एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू ड्यूज से जुड़े 30,000 करोड़ रुपए से अधिक के पेनल्टी और ब्याज को माफ करने की मांग की है। CNBC की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने 19 मई को सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल कर इस मामले में तुरंत सुनवाई की गुहार लगाई है।

वोडाफोन ने दावा किया है कि सरकार की कंपनी में 49 फीसदी हिस्सेदारी है। एजीआर फैसले की बाध्यताओं के चलते सरकार राहत देने में असमर्थ है, लेकिन वह एक पार्टनर की तरह काम करते हुए कंपनी को बचाने में मदद करे। वोडाफोन आइडिया ने अपनी याचिका में कहा कि



एजीआर फैसले के बाद सरकार के लिए और राहत देना मुश्किल है।

वोडाफोन ने कहा कंपनी में 59 लाख से अधिक छोटे शेयरधारक हैं। मदद से कंपनी की फाइनेंशियल कंडीशन पर बड़ा असर हो सकता है। खबर के बाद कंपनी का शेयर करीब 4 फीसदी की तेजी के साथ 7.22 रुपए पर बंद हुआ।

**सरकार ने हिस्सेदारी 22.6फीसदी से बढ़ाकर लगभग 49 फीसदी की-** इससे पहले वोडाफोन आइडिया ने 30 मार्च को घोषणा की थी कि सरकार कंपनी के स्पेक्ट्रम ऑक्शन के 36,950 करोड़ रुपए के बकाया को इक्विटी शेयर्स में बदल देगी। यानी कंपनी पर जितना बकाया है, उतनी वैल्यू की हिस्सेदारी सरकार हासिल कर लेगी। इस कन्वर्जन के बाद टेलीकॉम कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 22.6 फीसदी से बढ़कर लगभग 49 फीसदी हो गई थी। हालांकि, प्रमोटर कंपनी का ऑपरेशनल कंट्रोल बरकरार रखेंगे।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में चार प्रतिशत बढ़कर 3,48,847 इकाई पर

नई दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,48,847 इकाई हो गई। उद्योग निकाय संगठन सियाम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अप्रैल 2024 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,35,629 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, यात्री वाहन खंड ने अप्रैल 2025 में 3.49 लाख इकाइयों की अपनी अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 3.9 प्रतिशत अधिक है।%% सियाम की ओर से जारी बयान के अनुसार, अप्रैल में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 14,58,784 इकाई रह गई। अप्रैल 2024 में बाइक, स्कूटर और मोपेड की थोक बिक्री 17,51,393 इकाई रही थी। स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 5,48,370 इकाई रही, जो अप्रैल 2024 की 5,81,277 इकाई से छह



प्रतिशत कम है। मोटरसाइकिल की बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत घटकर 8,71,666 इकाई रह गई। मोपेड की थोक बिक्री 38,748 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 41,924 इकाई की तुलना में आठ प्रतिशत कम है। मेनन ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग ने अप्रैल 2025 से दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स% (ओबीडी) दो विनियमन के दूसरे चरण की नई नियामक व्यवस्था को सुचारू रूप से अपना लिया है।

# मॉकड्रिल के दौरान ग्रेनेड फटने से 2 जवान घायल, जांच के आदेश दिए

## ऑपरेशन कर हाथ से ग्रेनेड के पार्टिकल्स निकाले, आंखों का चल रहा इलाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

25वीं बटालियन में मॉक ड्रिल के दौरान एक स्टन ग्रेनेड फट गया। स्टन ग्रेनेड फटने से दो जवान बुरी तरह से झुलसे हैं। हादसे के बाद दोनों जवानों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक जवान को चोट अधिक होने के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि दूसरे जवान की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को 25वीं बटालियन मैदान में दोपहर करीब 12 बजे हॉकफोर्स और सीटीजी के जवान मॉकड्रिल कर रहे थे।अलग-अलग टीम मॉकड्रिल की व्यवस्था कर रही थी। इस बीच सीटीजी के हवलदार विशाल सिंह और आरक्षक संतोष कुमार ग्रेनेड से जुड़ी मॉकड्रिल की तैयारी कर रहे थे। तभी उनके पास रखा एक स्टन ग्रेनेड हाथ से छूट गया। स्टन ग्रेनेड नीचे गिरते ही जोरदार धमका हुआ धमाके के साथ वे झुलस गए। वहां मौजूद हॉकफोर्स और सीटीजी के अन्य जवानों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना में आरक्षक संतोष कुमार के दोनों हाथों में गंभीर चोट आई है। ग्रेनेड के पार्टिकल्स उनके हाथों में घुंसे है। वहीं स्टन ग्रेनेड के फटने के बाद एक पत्थर उछल कर उनकी आंखों में घुस गया, जिसकी वजह से उनकी आंखों में चोट लगी है। संतोष कुमार का ऑपरेशन कर उनके हाथ से ग्रेनेड के पार्टिकल्स निकाले गए और आंखों का इलाज किया गया। वहीं आरक्षक विशाल सिंह को भी शरीर में अलग अलग जगह चोट आई है। मॉकड्रिल में इस्तेमाल होता है स्टन ग्रेनेड यह एक गैर-घातक हथियार है। स्टन ग्रेनेड को फ्लैशबैंग भी कहते है। इसका इस्तेमाल भीड़ नियंत्रण, आतंकवाद रोधी अभियानों में किया



जाता है। स्टन ग्रेनेड तेज चमक और तेज आवाज के साथ फंटता है। इसके नजदीक आने से आंखों और कानों को नुकसान हो सकता है। अगर सही दूरी से इसका इस्तेमाल किया जाए तो ये शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता। इसे स्पेशल फोर्से मॉकड्रिल के दौरान इस्तेमाल करती है। 25वीं बटालियन में जो हादसा हुआ तब जमीन पर गिरने से ग्रेनेड गलत डायरेक्शन में उछला था। दोनों जवान ग्रेनेड के पास थे जिसकी वजह से उन्हें चोट पहुंची।

### घायलों का चल रहा इलाज

मॉकड्रिल के दौरान हादसा हुआ था। कंट्रोल एक्सप्लोजन का इस्तेमाल मॉकड्रिल में किया जाता है। दोनों जवान घायल हुए है जिनका इलाज करवाया जा रहा है

– **डॉ. आशीष**, आईजी, इंटेलिजेंस

### भारत पाक तनाव को लेकर हो रही थी मॉकड्रिल

पाकिस्तान और भारत के तनाव को देखते हुए सभी फोर्स विषम परिस्थिति को लेकर लगातार मॉकड्रिल कर रही है। इसी के चलते 25वीं बटालियन में भी मॉकड्रिल की जा रही थी। हालांकि ये दोनों फोर्स आतंकवादी रोधी ऑपरेशन के लिए काम करती है, और आए दिन मॉकड्रिल करती है ऐसे में ये हादसा कैसे हुआ इसे लेकर सब हैरान है।

### जांच के आदेश दिए

मॉकड्रिल को लेकर जरूरी प्रोटोकॉल होते है। दावों के मुताबिक इस मॉकड्रिल के दौरान भी प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा था फिर भी हादसा कैसे हुआ इसे लेकर पुलिस मुख्यालय इसे लेकर जांच करवाएगा।

# बाणगंगा चौराहा पर वाहनों चालकों को कुचलने वाला बेकाबू बस ड्राइवर गया जेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बाणगंगा चौराहा पर वाहन चालकों को कुचलने वाले बेकाबू बस के ड्राइवर को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से आरोपी को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी ड्राइवर विशाल बैरागी को पुलिस ने बैरसिया से बुधवार को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ पूरी हो होने के कारण रिमांड नहीं मांगी गई। बस



ड्राइवर ने पुलिस को बताया था कि हादसे के समय बस में 25 से 30 लोग बैठे हुए थे। हादसे के बाद वह बैरसिया फरार हो गया था। उसके पास हैवी वीकल लाइसेंस नहीं था। लिहाजा टीटी नगर पुलिस ने उसकी जगह अनिल अहिरवार को आरोपी बनाने की तैयारी कर ली थी। वहीं पुलिस का कहना है कि बाणगंगा चौराह पर हुए हादसे को लेकर जांच चल रही है। साथ ही अनुबंध बनाने के मामले में भी जांच की जा रही है। बस को बेचने के फर्जी एग्रीमेंट बनाने वाले नोटरी को नोटिस देकर छोड़ा गया है। बस को प्रवेश नागर को बेचे जाने का फर्जी एग्रीमेंट स्कूल के ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पांडे ने बनवाया था। इस मामले को लेकर स्कूल के मालिक से भी पूछताछ की जा सकती है। वहीं स्कूल ट्रस्ट में स्कूल मालिक समेत 8 सदस्य है ऐसे में पुलिस उनमें से भी और लोगों को आरोपी बना सकती है।

### थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया लाइन अटैच

हादसे के बाद जांच पड़ताल में लापरवाही बरतने के कारण टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया को लाइन हाजिर कर दिया है। दरअसल, सुबह 11 बजे हुए एक्सीडेंट के बाद शाम तक थाना प्रभारी यह तय नहीं कर सके थे कि



बस का सही मालिक कौन है। इसके अलावा ड्राइवर को भी बदलने का प्रयास किया गया था। ड्राइवर विशाल बैरागी हादसे के समय बस चला रहा था और उसकी जगह अन्य ड्राइवर को लाकर खड़ा करने की तैयारी थी। सुबह एक्सीडेंट होने के बाद बस के सही मालिक को बचाने दोपहर तीन बजे एग्रीमेंट कराया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि टीआई की अक्षमता या फिर प्रकरण में संलिप्तता के कारण यह सब हुआ था। लिहाजा कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया को लाइन हाजिर किया गया है।

### दो अन्य थाना प्रभारियों का बदला प्रभार

राजधानी के दो अन्य थाना प्रभारियों क्राइम ब्रांच भेजा गया है। पिपलानी थाना प्रभारी अनुराग लाल और अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे अब अपपी सेवाएं क्राइम ब्रांच में देंगे। इसके अलावा गांधी नगर थाना प्रभारी को पहले ही बदला जा चुका था। उनकी जगह बृजेंद्र मर्सकोले को गांधी नगर थाना प्रभारी बनाया गया है।

## फोटोग्राफर ने की आत्महत्या

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा बोंदर में 18 साल के फोटो ग्राफर ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शिवांग कुशवाह पिता राजकुमार कुशवाह (18) बरखेड़ा बोंदर में रहता था और शादी पार्टियों में फोटोग्राफी करता था। उसके पित खेती किसानी करते हैं। शिवांग चार बहन भाइयों में तीसरे नंबर का था। 14 मई की दोपहर करीब दो बजे उसने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिवांग के बयान दर्ज किए। उसने बताया कि वह तनाव में था, इसलिए उसने जहर पी लिया। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि वह किस लिए तनाव में था।

## टक्कर से मोपेड सवार भाई-बहन घायल

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में स्कूटर की टक्कर से मोपेड सवार भाई-बहन घायल हो गए। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार निकिता देशपांडे (27) अयोध्या बायपास मार्ग पर रहती हैं और फास्ट फूड की दुकान चलाती हैं। गुरुवार सुबह वह अपने भाई विनीत के साथ मोपेड पर बैठकर दुकान जा रही थी। गाड़ी भाई विनीत चला रहा था। दोनों इंटरनेशनल स्कूल के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार स्कूटर सवार ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे भाई-बहन सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मेडिकल कराने के बाद निकिता ने थाने पहुंचकर टक्कर मारने वाले स्कूटर चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

## स्कूटर चालक ने नर्सिंग छात्रा को मारी टक्कर

**भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में सड़क क्रास कर रही एक नर्सिंग छात्रा को स्कूटर चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। राखी पटेल नीरजा नगर में रहती है और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। बुधवार की रात करीब पौने आठ बजे राखी अपनी सहेली के साथ जेके रोड स्थित किया शोरूम के पास सड़क क्रास कर रही थी, तभी चौराहे की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ओला इलेक्ट्रिक चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सहेली ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। इलाज कराने के बाद अगले दिन राखी ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले स्कूटर चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की पूर्व प्रेमी ने चाकू गोदकर कर दी हत्या

**जांघ में चाकू लगने से थी गंभीर चोट, पूर्व प्रेमी सहित तीन पर हत्या का प्रकरण दर्ज**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर इलाके में होशंगाबाद से अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक से पूर्व प्रेमी का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों में मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक की पिटाई लगाते हुए उसकी जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। जांघ की नस कटने से युवक को गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर का कहना है कि जांघ की नस कटने खून अधिक बह गया था। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूर्व प्रेमी और उसके दो साथियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार नर्मदापुरम निवासी 30 साल का शिवम कलम प्राइवेट काम करता है। गौतम नगर इलाके में किराए से रहने वाली एक युवती से उसकी दोस्ती थी। वह युवती से मिलने नर्मदापुरम से भोपाल पहुंचा था और बुधवार रात उसके कमरे में था, तभी युवती का पूर्व प्रेमी शिवा राजपूत वहां अपने दो साथियों के साथ पहुंच गया। युवती के घर में शिवम को देखकर आरोपी भड़क गया और शिवम से मारपीट करने लगा। इस दौरान उसके दो अन्य साथियों ने भी शिवम से मारपीट की थी। मारपीट और विवाद बढ़ने पर आरोपी शिवा राजपूत ने शिवा पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू शिवम की जांघ में लगने से खून बहन लगा। यह देख आरोपी मौके से भाग निकले। इधर शिवम को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शिवा राजपूत और युवती गाडरवाड़ा के रहने वाले है।

# शादी टूटने से नाराज युवक की युवती व उसके मंगेतर को धमकी, बुलेट में भी तोड़फोड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर में शादी टूटने से नाराज युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर युवती और उसके मंगेतर के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मंगेतर की बुलट में तोडफोड़ कर दी। पुलिस के अनुसार शंकर नगर, स्टेशन बजरिया निवासी सीमा राजपूत (25) ने अपने मंगेतर रवि सहाय ठाकुर के साथ थाना उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि अंकित पाठक मेरा मित्र है और उससे काफी समय पूर्व से परिचित हूं। उसके व्यवहार और नशे की आदत की वजह से मेरी शादी उससे न होकर कहीं और तय हो गई। इसी वजह से वह काफी समय से मुझे और मेरे मंगेतर को जान से मारने की धमकी दे रहा है, लेकिन अपनी इज्जत और बदनामी के डर से हम लोग खामोश रहे। विगत 12 मई को मेरे मकान मालिक के लड़के मोनू सैनी और अंकित पाठक ने मेरे साथ गाली-गलौज कर धमकी दी। यह बात जब फरियादिया के मंगेतर रवि सहाय को पता चली तो वह 13 मई की सुबह वहां पहुंचा। तब मोनू सैनी व अंकित ने उसके साथ मारपीट की। उस समय मकान मालिक और उनके परिजन के माफी मांगने पर पुलिस में शिकायत नहीं की। अगले ही दिन दोनों आरोपियों ने सीमा राजपूत और उसके मंगेतर के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और मंगेतर की बुलट में तोडफोड़ कर दी। पुलिस ने सीमा राजपूत की शिकायत पर मोनू सैनी व अंकित पाठक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इलाज कराने से मना किया तो दर्ज कराई रिपोर्ट

**भोपाल।** श्यामला हिल्स स्थित बोट क्लब के पास एक कार चालक ने स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहम्मद अशफाक (53) जहांगीराबाद में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। उन्होंने बताया 3 मई की रात को बेटा उजेर दोस्त के साथ स्कूटर से घूमने के लिए बोट क्लब गया था। वापस लौटते समय कार चालक ने स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाले कार चालक ने दोनों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया और इलाज करवाने का वादा किया। उजेर के पैर का ऑपरेशन हुआ है वह चलने फिरने की हालत में नहीं है। कार चालक ने बाद में इलाज कराने से मना कर दिया तो अशफाक ने थाने जाकर उसके खिलाफ एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

# स्कूटर सवार दंपती को कार ने मारी टक्कर महिला की मौत, पति और बच्चा घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-विदिशा मार्ग पर गुरुवार रात तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक्टिवा सवार महिला की मौत हो गई, जबकि पति और बेटा गंभीर रूप से घायल हुए है। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार निशा यादव पति सुमित यादव (33) बरखेड़ी, जहांगीराबाद में रहती थीं और गृहणी थी। उनके पति प्राइवेट काम करते हैं। गुरुवार शाम निशा यादव पति सुमित और 9 साल के बेटे के साथ शादी में शामिल होने भोपाल-विदिशा रोड के मैरिज गार्डन गई थी। वहां से तीनों एक्टिवा से लौट रहे थे, तभी भोपाल की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने रात करीब साढ़े 10 बजे उनकी एक्टिवा को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां चेक करने पर डॉक्टर ने निशा को मृत घोषित कर दिया। सुमित और उसके बेटे का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### टैंकर की टक्कर से महिला की मौत

सूखी सेवनिया इलाके में एक्सीडेंट में हुई एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने टक्कर मारने वाले टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मर्ग जांच के दौरान पता चला कि स्कूटर पर बैठी महिला को टैंकर ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस हादसे में मृतका के पति को भी गंभीर चोट आई थी। जानकारी के अनुसार लीलावती अहिरवार पत्नी रामसिंह अहिरवार (45) ग्राम हर्राखेड़ा गुनगा में रहती थी और गृहणी थी। बीती आठ मई की सुबह वह अपने पति रामसिंह के साथ स्कूटर पर बैठकर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए मंडीदीप जाने के लिए निकली थी। सुबह करीब पौने दस बजे रामसिंह पत्नी को लेकर सूखी सेवनिया चौराहा के आगे रेलवे ओवर ब्रिज के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी स्कूटर में टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दंपति को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर चले इलाज के बाद डॉक्टरों ने लीलावती को मृत घोषित कर दिया। महिला के सिर और गर्दन में गंभीर चोट आई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी। मर्ग जांच के दौरान मृतका के पति और साक्षियों के कथन लेने के बाद टक्कर मारने वाले टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

**मेट्रो एंकर** | मृत्यु के बीस साल बाद मृतक के नाम से कराया अनुबंध

# फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन कराई अपने नाम, महिला जालसाज पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा पुलिस ने एक भूमि स्वामी की शिकायत पर महिला जालसाज पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। महिला ने प्रॉपर्टी ब्रोकर की मदद से जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर कलेक्टोरेट कार्यालय से फर्जी तरीके से नामांतरण करा लिया। भूमि स्वामी को जब इस बात की भनक लगी तो उन्होंने पुलिस को शिकायत की थी। साथ ही कोर्ट में भी परिवाद लगाया था। बाद में कोहेफिजा पुलिस ने महिला जालसाज पर धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार जितेन्द्र यादव उर्फ जीतू पिता र्स्वगीय भगवान दास यादव (33) अहीरपुरा जहांगीराबाद में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनकी गांव सगोनिया, गुनगा में छह एकड़ भूमि है। उनके दादा दादा लालचंद ने पंजीकृत वसीयतनाम और गोदानामे के आधार पर उनके पिता स्वर्गीय पिता भगवानदास को उक्त भूमि दी थी। उनके पिता



भगवानदास की निधन वर्ष 2022 में हो गया। पिता की मृत्यु के बाद उक्त के जितेंद्र यादव मालिक है। शारदा यादव द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन का कलेक्टर कार्यालय से नामांतरण करा लिया गया। उन्होंने बताया कि हेमंत अग्रवाल निवासी खजूरी सड़क प्रॉपर्टी डीलिंग करते हैं। प्रॉपर्टी डीलर द्वारा नोटरी अनुबंध उनके दादा लालाचंद के नाम से बनाया गया। अनुबंध में 29 अक्टूबर 2010 को उक्त जमीन हेमंत अग्रवाल को पांच लाख रुपए में खरीदी गई थी। जबकि दादा लालचंद का स्वर्गवास दिनांक 11 फरवरी 90 को ही हो चुका है। आरोपी शारदा बाई पिता भवानी प्रसाद नामक एक महिला ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनवाए और तत्कालीन नायव तहसीलदार तहसील हुजुर सहित तत्कालीन पटवारी की मदद से शपथ पत्र के आधार पर बिना किसी दस्तावेजी सबूत के महिला शारदा यादव के नाम पर उनकी जमीन कर दी गई।

# छात्र से एक हजार रुपए की अड़ीबाजी, छुरी से हमला

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित चरक अस्पताल के पास एक बदमाश ने छात्र से एक हजार रुपए की अड़ीबाजी करते हुए उस पर छुरी से हमला कर दिया। छात्र से छुरी का हमला हाथ से रोका तो उसके बाएं हाथ की हथेली कट गई। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी और चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तपिश पटेल पिता राजेश पटेल (20) मूलत~सीधी के गांव का रहने वाला है। वह पायगा कालोनी पीएचक्यू रोड जहांगीराबाद में रहता है और एमवीएम कॉलेज से बीएससी फाइनल ईयर की पड़ाई कर रहा है। बुधवार शाम



वह अपने दोस्त दीपक पटेल के साथ स्कूटी से चरक अस्पताल होकर जहांगीराबाद कोचिंग क्लास जा रहा था। चरक अस्पताल के पास पहुंचते ही करीब 7 बजे एक युवक सड़क पर खड़ा नजर आया। तपिश ने उसे रास्ते से हटने का कहा तो वह कहने लगा कि मुझे नहीं जानता मैं फैजान कदीर हूं, कल्लाशाह के अहाते मे रहता हूं। इसके बाद गालीगलौज करने लगा। वह कहने लगा कि मुझे शराब के लिए 1 हजार रुपए दे। तपिश ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी ने अपने पास रखी छुरी निकाली और तपिश पर हमला कर दिया। तपिश ने छुरी बांए हाथ से पकड़ ली। इससे उसकी बाएं हाथ की हथैली में चोट आई है। शोर शराबा सुनकर कुछ लोग मदद के लिए आगे बड़े तो आरोपी फैजान कदीर धमकी देते हुए वहां से निकल गया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**कार्यकारी संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022